संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार 28 फरवरी 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



पीएम विकसित भारत के लिए टेक्नोलॉजी, सुधार और फाइनेंस पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 15 अंकः 59 पृष्ठः 08
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# दिल्ली शराब नीति केसः अरविंद केजरीवाल-सिसोदिया कोर्ट से बरी

## कोर्ट ने बोला- सीबीआई ने साजिश की कहानी गढ़ी; जांच एजेंसी ने 6 घंटे बाद ही हाईकोर्ट में अपील की

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी कर दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा- दोनों के खिलाफ सबूत नहीं है, आरोप साबित नहीं होता। सीबीआई ने साजिश गढ़ने की कोशिश की, लेकिन उसका सिद्धांत ठोस सबूतों की जगह अनुमान पर था। सीबीआई ने इस मामले में कुल 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने सभी के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार करते हुए सभी को बरी कर दिया। जांच एजेंसी ने फैसले के करीब 6 घंटे बाद दिल्ली हाईकोर्ट में अपील कर दी।
वहीं, बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा- मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। इन्होंने झूठा केस लगाया। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं। वहीं, कोर्ट के फैसले पर मनीष सिसोदिया ने कहा- हमें एक बार फिर गर्व हो रहा हैं अपने संविधान पर और बी.आर. अंबेडकर पर, जिन्होंने हमें ऐसा संविधान दिया। सच की फिर से जीत हुई है। केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह इस तहर संविधान के साथ खिलवाड़ मत करें। आपको सत्ता चाहिए, अच्छे काम कीजिए। आज देश के सामने कितनी बड़ी समस्याएं हैं। महंगाई है, बेरोजगारी है, पूरे देश में सड़कें टूटी पड़ी हैं, चारों तरफ पॉल्यूशन ही पॉल्यूशन है, चारों तरफ देश में इतनी समस्याएं हैं उनका समाधान करके सत्ता में आइए न। केजरीवाल पर आम आदमी पार्टी पर झूठे केस क्यों करते हैं। अच्छा काम करके सत्ता में आइए। इस तरह के झूठे केस करना और चौबीस घंटे विपक्षियों पर ऊटपटांग झूठे केस करना उन्हें जेल में डालना ये प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता। इससे देश आगे नहीं बढ़ता। देश तब आगे बढ़ेगा, जब जनता की समस्यों का समाधान किया जाएगा।



### सीबीआई ने की दिल्ली हाईकोर्ट में अपील

आबकारी नीति मामले में केजरीवाल समेत 23 आरोपियों को बरी किए जाने पर सीबीआई ने कहा- जांच के कई पहलुओं को या तो नजरअंदाज किया गया या पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया। ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ तुरंत दिल्ली हाई कोर्ट में अपील करेंगे।
**राउज एवेन्यू कोर्ट की 4 बड़ी बातें**
कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी किया। कहा कि हजारों पन्नों की चार्जशीट में कई खामियां हैं और उसमें लगाए गए आरोप किसी गवाह या बयान से साबित नहीं होते।
चार्जशीट में विरोधाभास हैं, जो कथित साजिश (आरोपों) की पूरी थ्योरी को कमजोर करते हैं। अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी (आईओ) के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं।

### दिल्ली शराब घोटालाः 'पीएम मोदी-अमित शाह पूरे देश से माफी मांगें: केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ सालों से जिस तरह से बीजेपी शराब घोटाला, शराब घोटाला कर रही थी। हमारे ऊपर आरोप लगा रही थी। आज कोर्ट ने सारे आरोप खारिज कर दिए और हम सबको डिस्चार्ज कर दिया। हम हमेशा कहते थे कि हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है। मैं जज साहब का बहुत-बहुत शुक्रिया करता हूं, जिन्होंने हमारे साथ न्याय किया। सत्य की जीत हुई। भगवान हमारे साथ है। मोदी और अमित शाह ने मिलकर आजाद भारत का यह सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा। आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए हमारी पार्टी के सबसे बड़े पांच नेताओं को जेल में डाल दिया। आज तक आजाद भारत के इतिहास में ऐसा नहीं हुआ। सिटिंग चीफ मिनिस्टर को घर से घसीटकर जेल में डाला गया और छह महीने तक जेल में रखा गया। हमारे उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जी को दो साल तक जेल में रखा गया। हमारे ऊपर कीचड़ फेंका गया। 24 घंटे टीवी चैनलों पर डिबेट चलती थी, खबरें दिखाई जाती थीं कि... इतना कहते ही अरविंद केजरीवाल रो पड़े। उन्हें बाजू में खड़े मनीष सिसोदिया ने ढाढस बंधाया,,इसके बाद केजरीवाल ने फिर बोलना शुरू किया, उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं कि सत्ता के लिए इस तरह से खिलवाड़ मत कीजिए देश के साथ।



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान के जैसलमेर एयर फोर्स स्टेशन पर स्वदेशी लाइट कॉम्बेट हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी।

# टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद रुको और इंतजार करो के मोड में भारत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** अमेरिकी टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत रुको और इंतजार करो की रणनीति अपना रहा है। पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार अमेरिका के साथ संवाद में है और बदलती स्थिति के बीच देश के हितों की रक्षा करते हुए बेहतर व्यापार समझौते पर ध्यान दे रही है। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत फिलहाल रुको और इंतजार करो की स्थिति में है और हालात लगातार बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार देश के हितों की रक्षा के लिए स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है।



**गोयल ने कहा कि भारत** अमेरिकी प्रशासन के साथ लगातार संवाद में है और आंतरिक स्तर पर भी विचार-विमर्श जारी है। उन्होंने कहा कि यह एक विकसित होती स्थिति है। हम घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत के सर्वोत्तम हित सुरक्षित रहें। मंत्री ने आश्वस्त किया कि भारत बेहतर अवसरों के लिए संवाद की नीति पर कायम है और वैश्विक व्यापार में अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति मजबूत करने के लिए प्रयास जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हो रही बातचीत का उद्देश्य ऐसा समझौता सुनिश्चित करना है, जिससे भारत को अन्य उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिल सके और राष्ट्रीय हित के क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर खुलें। भारत की बातचीत की स्थिति पर सवाल के जवाब में गोयल ने कहा कि परिस्थितियां अभी गतिशील हैं और विभिन्न स्तरों पर संवाद जारी है।

# सभी कर्मचारियों का वेतन होली से पहले देना सुनिश्चित करें: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के पर्व से पहले ही सभी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि त्योहार के मद्देनजर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग तय समयसीमा का कड़ाई से पालन करें। आउटसोर्सिंग, संविदाकर्मी, सफाईकर्मी समेत सभी श्रेणी के कर्मियों का भुगतान भी त्योहार से पहले सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि किसी भी कर्मचारी को पर्व के दौरान आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने शनिवार 28 फरवरी को कार्यदिवस घोषित कर दिया है। वहीं, कर्मचारियों को 03 मार्च का अवकाश दिया जाएगा। होली पर्व के अवसर पर 2, 3 और 4 मार्च को अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि भुगतान और अवकाश संबंधी आदेशों के पालन में किसी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कर्मचारियों के हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी।

# कोई नहीं कर सकता हमारे आदेश का उल्लंघनः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। हमारे आदेश बिलकुल स्पष्ट हैं। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर टिप्पणी की कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे।



**न्यायिक अधिकारियों के लिए जारी किया प्रशिक्षण मॉड्यूल : बंगाल सरकार**
पश्चिम बंगाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के सामने इस मामले का उल्लेख किया। उन्होंने पीठ से कहा, 'चुनाव आयोग ने पीठ पीछे न्यायिक अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया है जिसमें कहा गया है कि उन्हें क्या स्वीकार करना चाहिए और क्या नहीं।'

> न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी: सुप्रीम कोर्ट

इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राज्य में इस प्रक्रिया के लिए तैनात न्यायिक अधिकारी इस संबंध में फैसले लेंगे। सीजेआई ने कहा, 'हम इस तरह की बातें बर्दाश्त नहीं कर सकते।

# शराब नीतिः कानूनी प्रक्रिया अभी खत्म नहीं हुईः बीजेपी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के कथित शराब घोटाले मामले में आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत मिली है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद आप में खुशी की लहर है। इसी के साथ आप नेता भाजपा पर हमलावर हैं और सत्तारूढ़ दल पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रही है।

# भारत की जीडीपी वृद्धि दर घटकर 7.8% हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपने मजबूत प्रदर्शन से बाजार और अर्थशास्त्रियों को चौंका दिया है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद ) के आंकड़े जारी हो गए हैं, जिसने 7.8 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की है। चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.4% थी। देश की अर्थव्यवस्था की इस तेज रफ्तार और इसके पीछे के मुख्य कारणों को आइए एक आसान सवाल-जवाब के जरिए विस्तार से समझते हैं। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के ताजा जीडीपी आंकड़े क्या कहते हैं? नए आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में खत्म हुई तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी 7.8 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ी है। देश के आर्थिक आंकड़ों के हालिया 'रीसेट' के बीच आई यह रिपोर्ट देश के सकारात्मक आर्थिक रुझान को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया था कि दिसंबर तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी (यह अनुमान 7% से 8.7% के दायरे में था)। लेकिन 7.8 प्रतिशत का वास्तविक आंकड़ा यह साबित करता है कि देश में आर्थिक गतिविधियां बाजार की उम्मीदों से कहीं ज्यादा बेहतर स्थिति में हैं।



**त्योहारी मांगः** तीसरी तिमाही के दौरान त्योहारों का सीजन होने की वजह से बाजार में उपभोक्ताओं की मांग में जबरदस्त इजाफा देखा गया। जीएसटी में कटौतीः सरकार द्वारा विभिन्न सेक्टर्स में की गई जीएसटी कटौती ने उत्पादन को बढ़ाने में बड़ा सहारा दिया है, जिसका सीधा असर विकास दर पर पड़ा है। तब जीडीपी ग्रोथ 6.2 प्रतिशत (2011-12 आधार वर्ष के साथ) रही थी। इसका मतलब है कि सालाना आधार पर विकास की गति में बड़ा सुधार हुआ है। हालांकि, इससे ठीक पिछली तिमाही में यह वृद्धि 8.2 प्रतिशत थी, जिसके मुकाबले इस बार (7.8%) क्रमिक आधार पर थोड़ी नरमी जरूर आई है। लेकिन कुल मिलाकर यह एक बेहद मजबूत आंकड़ा है।



# मप्र विधानसभा बजट सत्रः कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने किया शीर्षासन

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन शुक्रवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब शिवपुरी जिले से कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल पर दर्ज एफआईआर के मुद्दे पर विपक्ष ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे के बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।
सदन की कार्यवाही के दौरान शून्यकाल में कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय और सचेतक सोहन वाल्मीकि ने शिवरात्रि के दौरान शिव बारात में हुई हर्ष फायरिंग के मामले में दर्ज एफआईआर का मुद्दा उठाया। स्पीकर द्वारा विषय को संबंधित विभाग को भेजने की बात कहे जाने पर विपक्ष असंतुष्ट नजर आया और नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर निकल गया।

**गांधी प्रतिमा के सामने शीर्षासन**
वॉकआउट के बाद विधायक बाबू जंडेल ने विधानसभा भवन परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने शीर्षासन कर विरोध दर्ज कराया। उनका यह अनोखा प्रदर्शन पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। बाबू जंडेल ने कहा कि 15



फरवरी को उनके क्षेत्र में यज्ञ और शिव बारात का आयोजन था, जिसमें बड़ी संख्या में साधु-संत और ब्राह्मण शामिल हुए थे। उनके मुताबिक, शोभायात्रा के दौरान लोग पटाखे फोड़ रहे थे और उन्होंने भी हुचढ़ीमारह का एक पारंपरिक दावत राउंड चलाया। उन्होंने सफाई देते हुए कहा, मेरे पास कोई एके-47 नहीं थी। मैं कोई उग्रवादी नहीं हूं, बल्कि यज्ञ का यजमान था। बिना जांच मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। जंडेल ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी गायों के मुद्दे पर आंदोलन करने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। उन्होंने दावा किया कि अब तक करीब 15 प्रकरणों में उनके खिलाफ केस दर्ज हुए, जिनमें से सात मामलों में हाईकोर्ट से उन्हें राहत मिल चुकी है।
उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामला वापस नहीं लिया गया तो वे गांधी आश्रम से लेकर सड़क तक आंदोलन करेंगे।

**विरोध**
□ जंडेल ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी गायों के मुद्दे पर आंदोलन करने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी

# आधुनिक अधोसंरचना की दिशा में प्रदेश का सशक्त संकल्प है सिटी गैस परियोजनाः साय

**अवसंरचना**
□ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सिटी गैस अवसंरचना का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज शुक्रवार को राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में सिटी गैस अवसंरचना परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सीएनजी युक्त वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और रायपुर नगर निगम की पहली पाइपलाइन गैस उपभोक्ता पूनम चौबे से संवाद कर घरेलू उपयोग में पाइपलाइन गैस की सुविधा के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि



छत्तीसगढ़ अपने गठन के 25 वर्ष पूरे कर रजत जयंती वर्ष मना रहा है और इन वर्षों में प्रदेश ने विकास के अनेक आयाम स्थापित किए हैं। सिटी गैस अवसंरचना परियोजना इस विकास यात्रा में एक नई उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल नई सुविधा नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक अधोसंरचना की दिशा में प्रदेश का सशक्त संकल्प है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब मेट्रो शहरों की तर्ज पर डीपीएनजी (डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस) के माध्यम से घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पाइपलाइन से गैस उपलब्ध होगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को रिफिलिंग की झंझट से मुक्ति मिलेगी और सुरक्षा भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सस्ती और सुलभ ऊर्जा मिलने से उद्योग क्षेत्र को भी गति मिलेगी तथा प्रदेश में निवेश की संभावनाएं सशक्त होंगी।
मुख्यमंत्री ने एचसीजी समूह को बधाई देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि वे रायपुर सहित बलौदाबाजार और गरियाबंद जिले में शीघ्र ही सीएनजी स्टेशनों का व्यापक नेटवर्क विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि वाहनों में सीएनजी के उपयोग से प्रदूषण में कमी आएगी और आम नागरिकों के ईंधन खर्च में भी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रस्तुत राज्य बजट में अधोसंरचना विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हों और प्रदेशवासियों को मेट्रो शहरों जैसी सुविधाओं का अनुभव हो। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चलें, इस दिशा में सरकार ग्रीन एनर्जी को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे स्वच्छ ईंधन अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें और हरित, विकसित एवं आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान दें।
उल्लेखनीय है कि सिटी गैस अवसंरचना परियोजना रायपुर, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिलों में प्रारंभ की गई है। इसके माध्यम से घरेलू उपयोग तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों हेतु पाइपलाइन द्वारा पीएनजी की आपूर्ति की जाएगी तथा वाहनों के लिए सीएनजी भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में एचसीजी समूह के प्रबंध निदेशक राहुल चोपड़ा, निदेशक राजीव माथुर, अध्यक्ष दीपक सावंत, राकेश रंजन, गैल इंडिया के प्रतिनिधि एवं उद्योग जगत के लोग उपस्थित रहे।

# महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर और महाकाल लोक में रंग-गुलाल पूर्णतः प्रतिबंधित

**दिशा-निर्देश**
□ मंदिर प्रशासन ने 2 एवं 3 मार्च को लागू रहने वाले इस निर्णय के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए



**टीम एक्शन इंडिया**
**उज्जैन।** होलिका पर्व के अवसर पर महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक क्षेत्र में रंग-गुलाल के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। मंदिर प्रशासन ने 2 एवं 3 मार्च को लागू रहने वाले इस निर्णय के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि होलिका पर्व के दौरान मंदिर की परंपराओं के समुचित निर्वहन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश के अनुसार गर्भगृह, नंदी मंडपम्, गणेश मंडपम्, कार्तिकेय मंडपम् सहित पूरे मंदिर परिसर तथा महाकाल लोक में रंग-गुलाल ले जाना, रंग उड़ाना, एक-दूसरे को रंग लगाना अथवा किसी उपकरण के माध्यम से रंग का उपयोग करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

**जारी किए गए प्रमुख निर्देश**
मंदिर एवं महाकाल लोक में कार्यरत पुजारी, पुरोहित, प्रतिनिधि, अधिकारी, पुलिसकर्मी, सुरक्षाकर्मी, सफाईकर्मी, सेवक, परिसर स्थित अन्य मंदिरों के पुजारी तथा सभी आउटसोर्स कर्मचारी रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं करेंगे और आपस में रंग नहीं लगाएंगे। श्रद्धालु भी मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक में रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। सभी प्रवेश द्वारों पर तैनात निरीक्षक एवं सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं के साथ सौजन्यपूर्ण व्यवहार रखते हुए सतत जांच सुनिश्चित करेंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति रंग-गुलाल लेकर अंदर न जा सके। मंदिर परिसर में कार्यरत सभी कर्मचारी एवं सेवक अपने साथ लाए गए सामान की स्वयं जांच कराकर ही प्रवेश करेंगे।

# चयन प्रक्रिया में आरक्षण का दावा न करने पर लाभ नहीं मिलेगाः कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के दौरान आरक्षण का दावा नहीं करता है तो बाद में वह इसके लाभ से वंचित होने की शिकायत नहीं कर सकता। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने सहायक शिक्षक प्राथमिक विज्ञान भर्ती से संबंधित एक याचिका को खारिज करते हुए कहा कि आवेदन के स्तर पर आरक्षण का दावा न किया जाना बाद में अमान्य माना जाएगा।
प्रकरण में याचिकाकर्ता ने चंपावत जनपद में चयनित एक अभ्यर्थी की नियुक्ति को चुनौती देते हुए 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित चयन सूची निरस्त करने तथा स्वयं को राज्य आंदोलनकारी कोटे का लाभ न देने का जिक्र करते हुए कोटे का लाभ देने का अनुरोध करते हुए नियुक्त करने की मांग की थी। उसका तर्क था कि चयनित अभ्यर्थी को उससे कम अंक प्राप्त हुए थे। राज्य सरकार ने न्यायालय को अवगत कराया कि भर्ती विज्ञापन में सरकारी आदेशों के अनुसार क्षैतिज आरक्षण लागू होने का स्पष्ट उल्लेख था, और चयनित अभ्यर्थी को राज्य आंदोलनकारी कोटे के अंतर्गत 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ दिया गया है। न्यायालय ने कहा कि आरक्षित श्रेणी में नियुक्त अभ्यर्थी की तुलना सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी से नहीं की जा सकती।

**चयन प्रक्रिया**
□ आरक्षित श्रेणी में नियुक्त अभ्यर्थी की तुलना सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी से नहीं की जा सकती

# मप्र हाईकोर्ट से चाइना चाकू बेचने वाले की अर्जी निरस्त होने के बाद वापस

**टीम एक्शन इंडिया**
**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में जस्टिस संदीप एन. भट्ट की एकलपीठ ने चाइना (बटनदार) चाकुओं की कथित सप्लाई के आरोपी को मामले की गंभीरता और जबलपुर शहर में बढ़ते चाकूबाजी के मामलों को देखते हुए अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। गुरुवार को राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह एवं पैनल अधिवक्ता हिमांशु तिवारी ने जमानत का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जबलपुर में लगातार चाकूबाजी, हत्या के प्रयास और गुंडा टैक्स वसूली की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिनमें बटनदार (चाइना) चाकुओं का इस्तेमाल हो रहा है। रूपराह ने दलील दी कि अ१२ अ३, 1959 की धारा 25 के तहत बटनदार चाकू रखना और बेचना प्रतिबंधित है। साथ ही राज्य शासन द्वारा भी चाइना चाकुओं पर रोक लगाई गई है। दलील सुनने के बाद कोर्ट ने माना कि बढ़ते अपराधों के मद्देनजर आरोपी को अग्रिम जमानत देना उचित नहीं होगा। अदालत के रुख के बाद आरोपी की ओर से अग्रिम जमानत अर्जी वापस ले ली गई।
उल्लेखनीय है कि मुकादमगंज स्थित विजय जनरल स्टोर के संचालक बेबू उर्फ भगवानदास कटारिया की ओर से अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। उसके खिलाफ गढ़ा थाने में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज है। उसकी दुकान से कोई बटनदार चाकू जब्त नहीं हुआ।



**खंडवाः "मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना" के तहत जिले के वृद्धजन आज अयोध्या के लिए होंगे रवाना**

**सुनवाई**
□ पार्वतीबाई धर्मशाला में प्रातः 10 बजे से दोपहर दो बजे तक टिकट वितरण किये जाएंगे

मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत खंडवा जिले के वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या की तीर्थ यात्रा कराई जा रही है। इसके लिए विशेष ट्रेन आज शुक्रवार को खंडवा स्टेशन से रवाना होगी और दो मार्च को वापस आएगी। डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले ने बताया कि आई.आर.सी.टी.सी. भोपाल से प्राप्त सूचना के अनुसार इस तीर्थ यात्रा के लिए दोपहर 3:50 बजे रेल्वे स्टेशन खंडवा से मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत अयोध्या तीर्थ यात्रा हेतु स्पेशल रेल रवाना होगी। चयनित यात्रियों को रेल्वे स्टेशन के सामने स्थित पार्वतीबाई धर्मशाला में प्रातः 10 बजे से दोपहर दो बजे तक टिकिट वितरण किये जाएंगे। डिप्टी कलेक्टर सांवले ने सभी चयनित यात्री एवं प्रतिक्षा सूची में शामिल वृद्धजनों से अपील की है कि वे अपना आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र के साथ धर्मशाला में प्रातः 10 बजे उपस्थित हो जाएं।

# बिहार विधानसभा में उठा कटिहार सदर अस्पताल का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कटिहार।** बिहार विधानसभा के चालू बजट सत्र में पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कटिहार सदर अस्पताल में आईसीयू वार्ड की बदहाली पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण आईसीयू वार्ड क्रियाशील नहीं हो पा रहा है, जिससे मरीजों को महंगे निजी अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। मंत्री स्वास्थ्य विभाग, मंगल पांडेय ने अपने जवाब में बताया कि सात निश्चय-3 के तहत सभी जिला अस्पतालों को अति विशिष्ट चिकित्सा अस्पताल के रूप



में विकसित करने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कटिहार जिला अस्पताल में जल्द ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी, जिससे आईसीयू वार्ड का परिचालन व्यवस्थित होगा।

# धामी ने लोहाघाट में मनाई पारंपरिक कुमाऊँनी होली

**होली का आनंद**
□ मुख्यमंत्री धामी ने पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ पारंपरिक होली का आनंद लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंपावत।** लोहाघाट के रामलीला मैदान में आयोजित काली कुमाऊँ होली रंग महोत्सव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ पारंपरिक होली का आनंद लिया और प्रदेशवासियों को होली की



शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पारंपरिक कुमाऊँनी होली और शास्त्रीय होली गायन में सहभागिता की। इस दौरान पूरा मैदान होली के पारंपरिक गीतों और रंगों से सराबोर नजर आया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, परंपराएं और पर्व राज्य की पहचान हैं और काली कुमाऊँ की होली अपने पारंपरिक गायन और सांस्कृतिक स्वरूप के लिए विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। आधुनिक दौर में भी चंपावत में पारंपरिक होली की परंपरा को जीवित रखना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर सांसद अजय टम्टा, विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, जिला पंचायत जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# 9 मजदूरों की मौत के बाद बंद पड़ी सासामुसा चीनी मिल फिर होगी चालू

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोपालगंज।** बिहार सरकार द्वारा राज्य की 25 बंद पड़ी चीनी मिलों को दोबारा चालू करने की कवायद अब जमीन पर उतरती दिख रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल और कर्नाटक आधारित निरानी ग्रुप के चेयरमैन दुर्गेश निरानी हेलीकॉप्टर से गोपालगंज पहुंचे और वर्षों से बंद पड़ी सासामुसा चीनी मिल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान गन्ना उद्योग विभाग के आयुक्त जेपीएन सिंह समेत कई स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे।
निरीक्षण के बाद दुर्गेश निरानी ने कहा कि उनकी कंपनी कर्नाटक की प्रमुख औद्योगिक समूहों में शामिल है और बिहार में उनकी करीब नौ



इकाइयां संचालित हैं। उन्होंने बताया कि रीगा चीनी मिल (सीतामढ़ी) को पुनः चालू करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अब सासामुसा मिल की तकनीकी व व्यावसायिक संभावनाओं का आकलन किया जा रहा है।
निरानी ने दैनिक भास्कर को बताया कि सासामुसा मिल के पास लगभग 40-45 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जबकि कुछ जमीन लीज पर है। प्रस्ताव है कि यहां केवल गन्ने से चीनी उत्पादन ही नहीं, बल्कि चावल और मकई किसानों से बायो-प्रोडक्ट खरीदकर उसका भी उत्पादन किया जाए। इस बहु-उत्पाद मॉडल से गन्ना, धान और मकई–तीनों फसलों के किसानों को सीधा बाजार और बेहतर मूल्य मिल सकेगा। हालांकि विस्तारित परियोजना के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी, जिस पर राज्य सरकार से चर्चा की जाएगी। अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल ने कहा कि निरीक्षण के दौरान किसानों और पूर्व कर्मचारियों के बकाया भुगतान के मुद्दे पर भी विस्तार से बातचीत हुई। सरकार इस दिशा में गंभीर है और जल्द ही ठोस निर्णय लिया जा सकता है। उन्होंने संकेत दिया कि पुनरुद्धार की प्रक्रिया में पुराने देनदारियों के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी।गौरतलब है कि दिसंबर 2017-18 में मिल परिसर में बॉयलर के पास हुए भीषण विस्फोट में 9 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस हादसे के बाद मिल पूरी तरह बंद हो गई और सैकड़ों परिवारों की आजीविका पर ताला लग गया। किसानों का गन्ना औने-पौने दाम पर बाहर भेजना पड़ा और इलाके की अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ गई, जिसको लेकर स्थानीय नेताओं ने मिल चालू करने को लेकर अनशन चालू किया था।

**निरीक्षण**
□ किसानों का गन्ना औने–पौने दाम पर बाहर भेजना पड़ा और इलाके की अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ गई थी

# मायादेवी मंदिर में संतों ने रंगभरी एकादशी पर पंचगव्य से खेली होली

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** हरिद्वार की अधिष्ठात्री मायादेवी मंदिर में शुकवार को रंगभरी एकादशी जिसे आमलकी एकादशी भी कहा जाता है, धूमधाम से मनाई गई। स्वामी राजेश्वरानंद गिरि महाराज की अध्यक्षता तथा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व श्री निरंजनी अखाड़ा के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के मार्गदर्शन में देश भर से आए साधु-संतों ने पंचगव्य से होली खेलकर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी,



भगवान शिव व माता पार्वती से विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। स्वामी चक्रपाणि नंद गिरि महाराज का चादर विधि से अभिषेक किया गया। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि हरिद्वार धर्म भूमि उत्तराखंड का द्वार है। हरिद्वार का अर्थ हरि व हर यानि भगवान विष्णु व भगवान शिव के द्वार से है। यहां पूजा-अर्चना करने से भगवान विष्णु व भगवान शिव तक पहुंचने का द्वार खुल जाता है।

ऊना, 28 फरवरी 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
http:// www.actionindialive.com

# मुख्यमंत्री ने किया निर्माणाधीन जसकोट हेलीपोर्ट और बस अड्डा हमीरपुर का निरीक्षण

**निर्देश**

» हेलीपोर्ट का निर्माण कार्य इस वर्ष मई माह तक पूरा करने के दिए निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर जिला के जसकोट में 18 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन हेलीपोर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस हेलीपोर्ट के निर्माण कार्य में तेजी लाकर इस वर्ष मई महीने तक इसका निर्माण कार्य पूरा करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और पर्यटकों की सुविधा के लिए कनेक्टिविटी व अधोसंरचना के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन विकास से राज्य की आर्थिकी सुदृढ़ होगी तथा प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जिला मुख्यालय तथा अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हेलीपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है तथा हाल ही में संजौली हेलीपोर्ट से चंडीगढ़ और रिकांगपिओ के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू की गई हैं, जिससे पर्यटक राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक सुगमता से पहुंच सकेंगे।

इसके अतिरिक्त संजौली-रामपुर-रिकांगपिओ तथा संजौली-मनाली (सासे हेलीपैड) के लिए भी शीघ्र हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने 123 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे हमीरपुर बस अड्डे का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि दोनों परियोजनाओं पर कार्य तेजी से चल रहा है तथा इनका निर्माण कार्य तय समय के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिससे जिला के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार व कै. रणजीत सिंह, पूर्व विधायक अनीता वर्मा, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन रामचंद्र पठानिया, हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, एपीएमसी हमीरपुर के चेयरमैन अजय शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती, कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पिंदर वर्मा, सुभाष ढटवालिया, रूबल ठाकुर, सचिव एम सुधा देवी और आशीष सिंघमार, उपायुक्त गंधर्व राठौर, पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## दौलतपुर कॉलेज में रूहानी और मेडिकल से गीतांजलि बनीं मिस फेयरवेल

**राजन पुरी**

**ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक में बीएससी फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया।

समारोह में कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने नॉन मेडिकल संकाय से रूहानी तथा मेडिकल संकाय से गीतांजलि को मिस फेयरवेल का ताज पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार ने फाइनल ईयर के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उगवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में डॉ. निधि शर्मा, प्रोफेसर नैना सिंह, प्रोफेसर रितिका, प्रोफेसर मनीषा सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी वर्ग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रव्यापी सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान मातृशक्ति की सुरक्षा हेतु ऐतिहासिक कदम : जयराम ठाकुर

**मिशन**

» प्रदेश सरकार टीकाकरण अभियान को मिशन मोड में लागू करना चाहिए



**चमन शर्मा**

**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की करोड़ों बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण अभियान की हृदय से सराहना करते हुए इसे महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी और दूरदर्शी कदम बताया है। शिमला से जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने इस विशाल अभियान के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी आबादी को कवर करने वाले टीकाकरण कार्यक्रम को अमलीजामा पहनाना प्रधानमंत्री की मातृशक्ति के स्वास्थ्य और गरिमा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है, क्योंकि भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसरों में सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर चुनौती बना हुआ है जिससे हर साल हजारों परिवार प्रभावित होते हैं। आंकड़ों की गंभीरता को रेखांकित करते हुए उन्होंने चिंता व्यक्त की कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 80,000 नए मामले सामने आते हैं और करीब 42,000 महिलाएं असमय काल का ग्रास बन जाती हैं, जो कि समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है, ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा 14 वर्ष की बालिकाओं को नि:शुल्क टीका उपलब्ध कराने का निर्णय न केवल बीमारी के बोझ को कम करेगा बल्कि आने वाली पीढ़ी को एक रोगमुक्त भविष्य की गारंटी भी प्रदान करेगा। जयराम ठाकुर ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि प्रतिवर्ष लगभग 1.15 करोड़ बालिकाओं को सुरक्षा कवच प्रदान करने का यह लक्ष्य विश्व के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियानों में से एक है, जो स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के कुशल प्रबंधन और प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत के संकल्प को दर्शाता है।

# चिंतपूर्णी मंदिर कागजों पर नहीं, धरातल पर बनना चाहिए : डिप्टी सीएम



**राजन पुरी**

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना जिले में निर्माणाधीन प्रमुख विकास परियोजनाओं की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं को विशेष गति की आवश्यकता है, उनकी उपायुक्त की अध्यक्षता में नियमित समीक्षा की जाए। डिप्टी सीएम शुक्रवार को जिला परिषद सभागार, ऊना में आयोजित जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में श्री चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू सहित समिति के गैर सरकारी सदस्य एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डिप्टी सीएम अग्निहोत्री ने माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर भवन निर्माण एवं परिसर सौंदर्यीकरण कार्यों में हो रही अनावश्यक देरी पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जब माता वैष्णो देवी मंदिर का भव्य स्वरूप विकसित हो सकता है, जब श्री वृंदावन धाम में व्यापक विकास कार्य संभव हैं, तो फिर माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में कार्यों में विलंब क्यों। उन्होंने कहा कि पर्याप्त धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद कार्य आरंभ न होना अस्वीकार्य है। उन्होंने दो टूक कहा कि मंदिर कागजों पर नहीं, धरातल पर बनना चाहिए। यदि राजनीतिक इ%छाशक्ति प्रशासनिक स्तर पर परिलक्षित न हो, तो योजनाएं मूर्त रूप कैसे लेंगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की प्रसाद योजना के अंतर्गत प्राप्त 56 करोड़ रुपये तथा जिला प्रशासन के 75 करोड़ रुपये उपलब्ध होने के बावजूद अपेक्षित प्रगति नहीं दिख रही है।

## प्रदेश भर में छाई हिमकैप्स की सिमरन व शिवानी ठाकुर

**राजन पुरी**

**ऊना।** हिमकैप्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग के बीएससी नर्सिंग के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। कॉलेज के प्रधानाचार्य कार्तिकेय सेल्वी ने बताया कि सिमरन गिल ने प्रदेश भर ने छठां स्थान और शिवानी ठाकुर ने सातवां स्थान हासिल किया है। इसके अलावा रूकसाना, अमृतप्रीत, पलक शर्मा, राधिका, साक्षी, नेहा सैणी, कार्निका, दीया, तन्नु ने ग्रेड-ए अंक हासिल किए। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कॉलेज के चेयरमेन विक्रमजीत सिंह ने सभी छात्राओं को बधाई दी।

## विश्व के सबसे शक्तिशाली और लोकप्रिय नेता हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : राकेश ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे शक्तिशाली और लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीतिक दावा नहीं, बल्कि वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा, कूटनीतिक उपलब्धियों और जनसमर्थन के ठोस आंकड़ों से प्रमाणित तथ्य है।

राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। ज्20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने नई दिल्ली घोषणा के माध्यम से वैश्विक सहमति स्थापित कर विश्व को एकजुटता का संदेश दिया।

भारत ने वैश्विक दक्षिण की आवाज को सशक्त मंच प्रदान किया और अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्यता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूनाइटेड नेशंस में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मान्यता दिलाकर भारत की सांस्कृतिक शक्ति को विश्व पटल पर स्थापित किया। अंतर्राष्ट्रीय सोलर अलायन्स के माध्यम से भारत ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व प्रदर्शित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### कार्यकाल पूरा होने के बावजूद किस नियम के तहत पद पर बने हुए हैं मेयर : भाजपा



**चमन शर्मा**

**शिमला।** नगर निगम शिमला की मासिक बैठक में नगर निगम मेयर के कार्यकाल को लेकर जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सदन की शुरू होने से पहले ही भाजपा पार्षदों ने मेयर के सदन चलाने को लेकर सवाल उठाए।

भाजपा पार्षद सरोज ठाकुर ने पूछा कि मेयर के कार्यकाल को बढ़ाने वाले विधेयक पर राज्यपाल के हस्ताक्षर नहीं हुए हैं, ऐसे में वह किस हैसियत से सदन का संचालन कर रहे हैं। इस पर दोनों ओर से जमकर नारेबाजी और बहसबाजी हुई। भाजपा व कांग्रेस पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा ने बैठक का बहिष्कार कर दिया।

थोड़ी देर बाद जब फ़िर से कांग्रेस के पार्षदों सहित मेयर ने बैठक शुरू की, लेकिन विपक्ष ने फिर सदन में हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस को महिला विरोधी करार देते हुए भाजपा पार्षदों ने मेयर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मेयर गुस्सा भी हुए और कृष्णानगर के पार्षद बिट्टू पन्ना को सस्पेंड करने की बात कही। हंगामे के बीच मेयर ने सदन की कार्यवाही शुरू की लेकिन भाजपा के पार्षद नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर आ गए।

नगर निगम पार्षदों का कहना है कि मेयर को पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। कांग्रेस महिला विरोधी है क्योंकि अढ़ाई साल बाद मेयर पद पर महिला को बिठाया जाना था, लेकिन मेयर पद पर बने हुए हैं। ऊपर से भाजपा पार्षदों को सस्पेंड करने की बात कर रहे हैं। जबकि मेयर के पास ये अधिकार ही नहीं है।

यहां सनद रहे कि शिमला नगर निगम के मेयर का कार्यकाल बढ़ाने के मामले पर कोर्ट में सुनवाई 2 मार्च को है। याचिकाकर्ताओं की ओर पेश अधिवक्ताओं ने अदालत को बताया है कि मेयर की नियुक्ति को तत्काल रद्द कर दिया जाए।

### बीटन कॉलेज के विद्यार्थियों ने दिया प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण

**राजन पुरी**

**ऊना।** संत ढांगू वाला गुर्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता के अंतर्गत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. समीक्षा गुप्ता ने रोड सेफ्टी क्लब के विद्यार्थियों को प्रेरक शब्दों के साथ सीएचसी बीटन के लिए रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन रोड सेफ्टी क्लब की संयोजिका डॉ. अनीता देवी द्वारा किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीटन से डॉ. राजेश, सीएचओ बीटन प्रीति तथा सीएचओ सिंगा मोनिका विशेष रूप से उपस्थित रहे। सिंगा से स्वास्थ्य कार्यकर्ता कुलविंदर ने विद्यार्थियों को अत्यंत बारीकी और व्यावहारिक ढंग से प्राथमिक उपचार की संपूर्ण जानकारी प्रदान की।

उन्होंने सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों को दी जाने वाली त्वरित सहायता, रक्तस्राव रोकने की विधि, पट्टी बांधने की तकनीक, सीपीआर की प्रारंभिक जानकारी तथा आपातकालीन स्थिति में सतर्कता बरतने के उपायों का विस्तार से प्रदर्शन किया।

प्राचार्या डॉ. समीक्षा गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

## हिमाचल में बढ़ता नशे का जाल: युवाओं को बचाने के लिए बरोट में जागरूकता का बिगुल

**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश में बढ़ते नशे के मामलों, विशेषकर जिला कांगड़ा के पंजाब से सटे क्षेत्रों में चिंताजनक स्थिति को देखते हुए री लाइफ फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र बरोट द्वारा उपमंडल फतेहपुर के बरोट स्थित केंद्र परिसर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और समाज को इस बुराई के खिलाफ एकजुट करना रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक एवं सेवानिवृत्त अध्यापक करनैल राणा मुख्य अतिथि रहे, जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोट के प्रवक्ता राम प्रसाद शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। केंद्र के अध्यक्ष अतिन्द्र पाल सिंह तथा केंद्र इंचार्ज शेर सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि करनैल राणा ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है और इसके रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के व्यवहार में आने वाले बदलावों पर नजर रखने की अपील की।

सेवानिवृत्त वीएमओ आर. के. मेहता ने संसाधन व्यक्तित्व के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सही परामर्श, परिवार का सहयोग और जागरूकता से नशे की लत पर काबू पाया जा सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट की एओआर परीक्षा में सान्या कौशल ने टॉप-10 में बनाई जगह

**राजन पुरी**

**ऊना।** उपमंडल हरोली के तहत टाहलीवाल से संबंध रखने वाले अधिवक्ता सान्या कौशल ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड (एओआर) परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही ऑल इंडिया टॉप 10 में चौथा स्थान हासिल कर प्रदेश व जिला ऊना का नाम रोशन किया है।

सान्या ने 281.5 अंक कर सर्वोच्च न्यायालय की एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड बनने में सफलता प्राप्त की। वर्ष 2017 में दिगी बार काउंसिल में पंजीकृत सान्या कौशल ने अपने विधिक करियर की शुरुआत हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय से की थी। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में भी प्रैक्टिस की। इसके पश्चात स्वतंत्र रूप से सर्वोच्च न्यायालय में अपनी प्रैक्टिस की। पिता राकेश कौशल व माता राधा कौशल ने बताया कि सान्या वर्तमान में हिमाचल प्रदेश सरकार की पैनल अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। साथ ही वे सर्वो%च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल में भी शामिल हैं।

# चिट्टा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, पंजाब का सरगना गिरफ्तार

**चमन शर्मा**

**शिमला।** शिमला पुलिस की नशा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी है। रोहड़ू में दर्ज चिट्टा तस्करी के एक बड़े मामले में पुलिस ने नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए पंजाब के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले में अब तक 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। यह जानकारी एएसपी शिमला अभिषेक ने दी।

एएसपी ने मीडिया से मुखातिब होकर बताया कि मामला 2 फरवरी 2026 से जुड़ा है, जिसमें रोहड़ू के मेहंदली पुल के पास पुलिस ने पंजाब के दो युवकों — जशनदीप सिंह और धर्मप्रीत सिंह को 83 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पुलिस ने सप्लाई चेन से जुड़े चार और स्थानीय आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें आशीष चौहान (निवासी खशधार, चिड़गांव), नवीन शिट्टा (निवासी गोक्सवारी, चिड़गांव), दीवान चंद (निवासी सुंधा, चिड़गांव) और विजेंद्र सिंह उर्फ छोटू (निवासी सुंधा भौंडा, तहसील चिड़गांव) शामिल हैं। विजेंद्र सिंह को इस नेटवर्क का मेजर डिस्ट्रीब्यूटर बताया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने आरोपियों के बैंक खातों और डिजिटल संचार का गहन विश्लेषण किया। जांच में सामने आया कि आरोपी जशनदीप सिंह के बैंक खातों में पिछले चार महीनों के दौरान करीब 18 लाख रुपये का लेन-देन हुआ। यह भी पाया गया कि जशनदीप व्हाट्सएप के माध्यम से स्थानीय नेटवर्क और मुख्य सप्लायर के संपर्क में था, जबकि मुख्य सप्लायर वर्चुअल व्हाट्सएप नंबर का इस्तेमाल कर रहा था।

बैंक लेन-देन और व्हाट्सएप रिकॉर्ड के बैकवर्ड लिंक खंगालने पर इस नेटवर्क के मुख्य संचालक के रूप में पंजाब के जिला फिरोजपुर निवासी हरदीप सिंह पुत्र सुरजीत सिंह की पहचान हुई। शिमला पुलिस की टीम ने फिरोजपुर पुलिस के सहयोग से उसे जिला फिरोजपुर से गिरफ्तार किया।

जांच में सामने आया कि हरदीप सिंह वर्चुअल नंबर के जरिए पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहा था और जशनदीप सिंह सहित कई



लोगों के साथ उसके वित्तीय लेन-देन थे। हरदीप सिंह के बैंक खाते के विश्लेषण में पिछले सात महीनों में करीब 28 लाख रुपये के ट्रांजेक्शन सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार, ये रकम चिट्टा खरीद के लिए भेजी गई थी। पुलिस संबंधित सभी व्यक्तियों के रिकॉर्ड एकत्र कर रही है और मामले की तफ्तीश हर पहलू से जारी है।

# बट्ट कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग दूसरे सेमेस्टर का परिणाम शत प्रतिशत

**हामिद खान**

**चंबा।** जिला के अग्रणी नर्सिंग शिक्षण संस्थान बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है।

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही संस्थान परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल छा गया। छात्राओं की इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने न केवल कॉलेज बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। कॉलेज के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने बताया कि बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में संस्थान की कुल 34 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया था। उन्होंने बताया कि सभी प्रशिक्षु अच्छे सीजीपीए अंकों के साथ उत्तीर्ण हुईं, जो संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासित अध्ययन वातावरण को दर्शाता है।

बट्ट ने बताया कि परीक्षा में पायल शर्मा ने 8.35 सीजीपीए अंक प्राप्त कर संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं आस्था रानी ने 8.26 सीजीपीए के साथ द्वितीय स्थान व आँचल तथा पल्लू कुमारी ने 7.9 सीजीपीए अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से संस्थान में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि अन्य सभी प्रशिक्षुओं ने भी संतोषजनक प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक प्राप्त किए।

चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने परिणाम पर ख़ुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक परिणाम है। बट्ट ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्राओं को नर्सिंग के क्षेत्र में दक्ष, संवेदनशील और जिम्मेदार स्वास्थ्यकर्मी के रूप में तैयार करना है।

उन्होंने बताया कि कॉलेज में आधुनिक प्रयोगशालाएं, अनुभवी प्रशिक्षक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुदृढ़ व्यवस्था उपलब्ध है, जिससे छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है।

उन्होंने सभी सफल छात्राओं, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाले समय में और बेहतर परिणामों की प्रेरणा बनेगी।



साथ ही उन्होंने प्रशिक्षुओं को आगामी तृतीय सेमेस्टर में और अधिक परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के साथ अध्ययन कर उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। ज्ञात हो कि इस उल्लेखनीय सफलता से यह स्पष्ट हो गया है कि संस्थान नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट मानक स्थापित कर रहा है।

## रेंज ऑफिसर सहित पांच कर्मियों को कुचलने का प्रयास कांग्रेस राज की विफलता : बिहारी लाल शर्मा

**चमन शर्मा**

**शिमला।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा और प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने बिलासपुर जिले में अवैध खैर तस्करी के दौरान रेंज ऑफिसर सहित पांच वन कर्मियों को वाहन से कुचलने के प्रयास की घटना को बेहद गंभीर बताते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया है। बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि यह घटना साबित करती है कि हिमाचल प्रदेश में कानून का भय समाप्त हो चुका है। वन माफिया इतने बेखौफ हो गए हैं कि वे सरकारी अधिकारियों की जान लेने से भी नहीं हिचक रहे। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन वर्षों में कांग्रेस सरकार



कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल रही है, जिसके चलते अपराधियों के हौसले सातवें आसमान पर हैं। शर्मा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अवैध खैर कटान और वन संपदा की तस्करी बढ़ना प्रशासनिक ढिलाई और राजनीतिक संरक्षण का परिणाम है। करोड़ों रुपये की वन संपदा लूटी जा रही है, लेकिन सरकार ठोस कार्रवाई करने में असफल साबित हो रही है। प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने कहा कि यह केवल वन विभाग पर हमला नहीं, बल्कि प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर सीधा प्रश्नचिन्ह है। यदि रेंज ऑफिसर और वन कर्मी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की क्या गारंटी है?

कटवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार न तो पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर है और न ही प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा को लेकर संवेदनशील।

अवैध कटान से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है और हिमाचल की हरित छवि धूमिल हो रही है। भाजपा नेताओं ने मांग की कि वन माफिया के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, दोषियों पर सख्त धाराओं में मुकदमा चलाकर उदाहरण प्रस्तुत किया जाए।

# गोंदपुर बनेहड़ा में विद्यार्थियों को बताया योग का महत्त्व

**टीम एक्शन इंडिया**

**ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूक करना। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता राजीव कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम क्रियाओं का अभ्यास करवाया।

उन्होंने बताया कि प्रतिदिन प्रातः काल नियमित रूप से योग और प्राणायाम करने से बुद्धि का विकास होता है तथा शरीर स्वस्थ और ऊर्जावान बना रहता है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि यह तनाव को कम कर आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमराज ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में योग अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में प्रवक्ता मनोज कालिया, गुरमेल, अविंदर, दीपिका, दीक्षा, दीपक शास्त्री तथा सोहनलाल डीएम सहित विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

# एपीएल उपभोक्ताओं को झटका: डिपुओं में अब 13 नहीं, 11 किलो ही मिलेगा आटा

**हामिद खान**

**चंबा।** होली और नवरात्र जैसे प्रमुख त्योहारों से ठीक पहले प्रदेश



सरकार ने एपीएल राशन कार्ड उपभोक्ताओं को बड़ा झटका दिया है। मार्च माह में सरकारी डिपुओं पर अब प्रति एपीएल राशन कार्ड केवल 11 किलो आटा ही मिलेगा।

फरवरी में जहां 13 किलो आटा दिया गया था, वहीं मार्च में इसमें दो किलो और कटौती कर दी गई है। इससे पहले डिपुओं पर 14 किलो आटा मिलता था। फरवरी में एक किलो की कटौती कर इसे 13 किलो किया गया था, जबकि अब मार्च में दो किलो और कम कर दिया गया है। करीब दो साल बाद एक साथ इतनी बड़ी कटौती की गई है। इससे पहले मई 2023 में 11 किलो आटा दिया गया था।

खाद्य, नागरिक एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जिला अधिकारियों को नई अलॉटमेंट जारी कर दी गई है। मार्च के पहले सप्ताह के भीतर सभी डिपुओं में राशन पहुंचने की संभावना है।

प्रदेश में लगभग 19 लाख राशन कार्डधारक हैं, जिनमें से करीब 12.50 लाख एपीएल उपभोक्ता हैं। सप्लाई में कटौती का असर मुख्य रूप से इन्हीं उपभोक्ताओं पर पड़ता है। इनमें बड़ी संख्या गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की है, जिनका मासिक बजट काफी हद तक सरकारी राशन पर निर्भर रहता है। ऐसे में आटे की कटौती से उनके घरेलू खर्च पर सीधा असर पड़ेगा।

वर्तमान में प्रदेश सरकार की ओर से राशन कार्डधारकों को चार में से तीन दालें — मलका, माश और चना दाल — उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अलावा दो लीटर तेल (रिफाइंड और सरसों), चीनी तथा एक किलो नमक भी दिया जा रहा है। आटा और चावल केंद्र सरकार की ओर से सब्सिडी पर उपलब्ध करवाए जाते हैं।

# पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग की तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी को खुली बहस की चुनौती

बहस

–कहा, आपके 13 साल और हमारे 5 साल, किसी भी सार्वजनिक मंच पर हो बहस



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** पूर्व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी को विकास कार्यों को लेकर खुली और सार्वजनिक बहस की चुनौती दी है। प्रैस को जारी बयान में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि तकनीकी शिक्षा मंत्री लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र का सबसे कम विकास हुआ। उन्होंने कहा कि यदि मंत्री अपने बयान पर कायम हैं, तो वे अपने विधायक के 13 वर्षों का पूरा लेखा.जोखा जनता के सामने रखें। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि वे स्वयं अपने पांच वर्षों के कार्यकाल का विकास रिपोर्ट कार्ड लेकर किसी भी दिन, किसी भी सार्वजनिक मंच पर बहस के लिए तैयार हैं। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता का होता है और विकास के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार केवल बयानबाजी तक सीमित है, जबकि उनके कार्यकाल में सड़कों का जाल बिछाने, पेयजल योजनाओं के विस्तारए स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा शिक्षा संस्थानों के उन्नयन जैसे अनेक कार्य धरातल पर किए गए। उन्होंने कहा कि यदि मंत्री धर्माणी यह सिद्ध कर दें कि उनके 13 वर्षों में घुमारवीं का विकास भाजपा सरकार के पांच वर्षों से अधिक हुआ है, तो वे सार्वजनिक रूप से इसे स्वीकार करने को तैयार हैं। पूर्व मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह चुनौती व्यक्तिगत नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर है। उन्होंने सुझाव दिया कि बहस पंचायत घर, सामुदायिक भवन या किसी अन्य सार्वजनिक स्थल पर करवाई जाए ताकि आम जनता स्वयं दोनों पक्षों के तर्क और आंकड़े सुनकर निष्कर्ष निकाल सके।

# खड्ड में सीधे जा रहा है सिवरेज की गंदगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** सकोहड़ी खड्ड में सीवरेज पाइप से खड्ड में निरंतर सीवरेज पानी गिरने से यहां के आसपास के बसींदों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टाउन हॉल के नजदीक सकोहडी खड्ड पर जल शक्ति विभाग द्वारा शिवराज लाइन एक चबूतरा बनाकर दूसरी तरफ डाली गई है मगर बरसात के मौसम में भारी बरसात के कारण सकोहड़ी खड्ड में आई भारी बरसात के कारण सीवरेज लाइन का एक पाइप बह गया !स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना विभाग को दे दी गई मगर जल शक्ति विभाग द्वारा इस पर कोई त्वरित कार्यवाही नहीं की गई जिस कारण सीवरेज युक्त गंदगी खंड में गिरती रही कुछ समय बाद विभाग द्वारा कम चौड़े प्लास्टिक के पाइप को इस इससे जोड़ा गया मगर सीवरेज की गंदगी का खड्ड में निरंतर गिरते रहना जारी है । स्थानीय लोगों द्वारा इसकी शिकायत विभाग को बार–बार की गई मगर कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई

# सुंदरनगर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर पूनम चौहान की अध्यक्षता में 'पोषण भी पढ़ाई भी' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। इस दौरान जिला पोषण समन्वयक रजनीश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यशाला 25 से 27 फरवरी 2026 तक बाल विकास परियोजना सुंदरनगर के तत्वावधान में आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण आयोजन में परियोजना सुंदरनगर की कुल 100 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु पोषण और पूर्व–प्राथमिक शिक्षा के समन्वित क्रियान्वयन को सुदृढ़ बनाना रहा। कार्यशाला के दौरान चार सत्रों के माध्यम से पूर्व–प्राथमिक शिक्षा के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की गई। आधुनिक शिक्षण तकनीकों, खेल–आधारित गतिविधियों तथा रचनात्मक शिक्षण विधियों के माध्यम से बच्चों में सीखने की रुचि विकसित करने के प्रभावी तरीकों पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने पोषण और शिक्षा के गहरे संबंध को स्पष्ट करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही सशक्त मस्तिष्क का आधार है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों के प्रभावी संचालन में सामुदायिक सहभागिता की भूमिका पर भी बल दिया गया। कार्यकर्ताओं को अभिभावकों, स्थानीय संस्थाओं और समुदाय के सहयोग से केंद्रों को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला में 'तिरंगा भोजन' की अनोखी अवधारणा भी प्रस्तुत की गई, जिसमें लाल, हरे और पीले रंग के फल–सब्जियों—जैसे टमाटर, पालक, केला आदि

# बरठीं स्कूल में डॉ. सपना ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** बरठीं स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. सपना ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ.साथ सामाजिक स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि नियमित हाथ धोना,स्वच्छ वस्त्र पहनना आसपास के वातावरण को साफ रखना तथा कूड़ा.कचरा निर्धारित स्थान पर डालना न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। डॉ. सपना ने मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर भी विशेष बल देते हुए कहा कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच स्वस्थ जीवन की आधारशिला हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से बचने तथा खेल.कूद और योग जैसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया ।इस मौके पर प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा व स्टाफ ने डॉ. सपना को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

# परिसर प्रणाली के विरोध में 1 मार्च को बिलासपुर मुख्यालय पर लामबंद होंगे शिक्षकः राकेश पटियाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला बिलासपुर नई परिसर प्रणाली के विरोध में 1 मार्च को जिला मुख्यालय पर आग्रह रैली के रूप में रोष प्रदर्शन करने जा रहा है। यह जानकारी संघ के जिला प्रधान राकेश पटियाल ने दी। उन्होंने कहा कि इस रैली में जिला बिलासपुर के सभी छह खंडों के 117 केंद्रों के सभी प्राथमिक शिक्षक, सेवानिवृत शिक्षक शिक्षा से जुड़े अन्य कर्मचारी तथा जेबीटी ट्रेनिंग प्राप्त शिक्षकों सहित लगभग 2500 लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि वीरवर को सभी खंडों की वर्चुअल बैठक के माध्यम से रैली की तैयारियों का जायजा लिया गया तथा यह पाया गया कि सभी शिक्षकों में विभाग द्वारा जारी 23 सितंबर 2025 की अधिसूचना के प्रति गहरा रोष है तथा सभी शिक्षक यह चाहते है कि 13 फरवरी 2024 की संशोधित अधिसूचना को ही जारी रखा जाए तथा रिसोर्स शेयरिंग तक ही इस प्रणाली को सीमित रखा जाए। अब सभी शिक्षकों के सब्र का बांध टूटता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य कार्यकारिणी राज्य अध्यक्ष रमेश शर्मा जी के नेतृत्व में लगभग 8 बार मुख्यमंत्री से इस विषय पर पिछले लगभग 3 महीनों में मिल चुकी है, संघ द्वारा प्रत्येक विधायक तथा मंत्री को इस बारे में ज्ञापन सौंप कर इसके दुष्प्रभावों से अवगत करवाया जा चुका है किंतु बड़े खेद का विषय है कि आज तक मात्र कोरे आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि अब सभी शिक्षक इस आग्रह रैली के माध्यम से सरकार तथा विभाग को अंतिम अवसर दे रहे हैं कि इन समस्याओं पर गौर करते हुए संघ को शीघ्र वार्ता के लिए बुलाया जाए अन्यथा शिक्षक बड़े आंदोलन की तरफ भी रुख कर सकते हैं क्योंकि विभाग का ये निर्णय न स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के हित में है न शिक्षकों के हित में है तथा इससे सभी वर्गों में गहरा रोष है। इस अवसर पर सभी छह खंडों के प्रधान होशियार सिंह, नरेश राणा, अनिल शर्मा, राजू राम, राजेंद्र चैधरी, जोगिंद्र शर्मा, जिला कार्यकारिणी से संजीव शर्मा, आदि।

# बेरी पंचायत में दो दिवसीय मानव संसाधन विकास कार्यक्रम आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

मंडी। केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, सोलन द्वारा विकास खंड बल्ह की ग्राम पंचायत बेरी में 'एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन (आईपीएम)' विषय पर दो दिवसीय मानव संसाधन विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी अधिकारी केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र सोलन डॉ. स्वरूप कुमार ने किया। उन्होंने आईपीएम के सिद्धांतों एवं घटकों की विस्तृत जानकारी देते हुए रासायनिक कीटनाशकों के अनियंत्रित प्रयोग को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने कीट संवेदनशीलता, आर्थिक क्षति स्तर, बीजोपचार, प्राकृतिक शत्रुओं के संरक्षण, जैव–नियंत्रण एजेंट, जैव–कीटनाशकों तथा फेरोमोन ट्रैप के उपयोग सहित सांस्कृतिक, यांत्रिक एवं जैविक विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में सब्जियों एवं रबी फसलों के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन में आईपीएम की भूमिका पर चर्चा की गई। कृषकों को विभिन्न कृषि योजनाओं व अनुदानों की जानकारी भी दी गई। मृदा उर्वरता प्रबंधन पर बल देते हुए बताया गया कि जैव–कीटनाशकों व पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों के समन्वित प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य सुधारने, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है। आईपीएम से उत्पादन लागत घटती है और लाभ–हानि अनुपात में सुधार संभव है।

अंत में फील्ड भ्रमण के दौरान कृषकों को कीट एवं मित्र कीटों की पहचान तथा फेरोमोन ट्रैप स्थापित करने की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में प्रशिक्षण अधिकारी एफटीसी सुंदरनगर अमर सिंह कौंडल, कृषि विकास अधिकारी बल्ह राजेंद्र ठाकुर तथा सहायक उद्यान विकास अधिकारी बल्ह दीनानाथ सैनी ने भी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

## सुंदरनगर में होगी चौथी एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता

खेमचंद शास्त्री

मंडी। राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता की मेजबानी हिमाचल प्रदेश तीरंदाजी एसोसिएशन को मिली है। यह इस प्रतियोगिता का चौथा संस्करण होगा जिसे 4वीं एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता के नाम से खेला जाएगा। यह जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश तीरंदाजी एसोसिएशन के महासचिव रघुनाथ राणा ने बताया कि यह आयोजन तीरंदाजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वीरेंद्र सचदेवा ने इस बारे में प्रतियोगिता का विवरण जारी कर दिया है। इसके अनुसार यह प्रतियोगिता बीबीएमबी मैदान सुंदरनगर में 7 से 16 मार्च तक होगी। तीसरी एनटीपीसी रेंकिंग तीरांदाजी प्रतियोगिता जो पिछले साल अर्नाकुलम केरल में संपन्न हुई थी में टॉप पर रहे 16 खिलाड़ी भाग लेंगे।

# उमेश भारद्वाज प्रतिभा पुष्प अवार्ड से सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** अमेरिका की प्रतिभा पुष्प फाउंडेशन ने इस साल का अवार्ड मंडी की प्रख्यात कला संस्था संगीत सदन के संचालक उमेश भारद्वाज को दिया है। शुक्रवार को खत्री सभा मंडी में संपन्न संस्था के नौवें अवार्ड समारोह में प्रख्यात गायिका एवं शिक्षाविद् हिमाचल की स्वर कोकिला कही जाने वाली शुक्ला शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहीं जिन्होंने उमेश भारद्वाज को स्मृति चिह्न व 25 हजार रूपए का चेक प्रदान करके सम्मानित किया। इस मौके पर मंडी शहर के मूल निवासी वर्तमान में अमेरिका में बस चुके पुष्प कपूर जो इस फाउंडेशन के संचालक हैं तथा मंडी में कई बड़े कार्यों में अपना योगदान देते आए हैं वह भी मौजूद थे। गणमान्य लोगों व शहर की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों से खचाखच भरे खत्री सभा भवन हाल में हुए इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में फाउंडेशन के संचालक पुष्प कपूर ने कहा कि पिछले 9 साल से लगातार चल रहे इस अवार्ड कार्यक्रम जिसमें अब तक कला, संस्कृति, खेल व अन्य विधाओं में उल्लेखनीय कार्य करने वाली कई हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है को कुछ कारणों से वह अगले साल से बंद कर रहे हैं। अवार्ड की जगह वह कुछ अन्य कार्यों में विशेष सहयोग करें। इस कड़ी में अब वह संगीत सदन द्वारा हर साल मई महीने में नवोदित कलाकारों के लिए लगाए जाने वाले शिविर को प्रायोजित करेंगे व इस में भाग लेने वाले सभी 25–30 बच्चों का खर्च वहन करेंगे। इस मौके पर ओल्ड बैंड ब्याय के कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक स्वर लहरियों से खूब रंग जमाया। अन्य कलाकारों ने भी अपनी अपनी प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अरूणा कपूर ने अवार्ड समारोह व नित्यदर्शी वैद्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन किया।

# 'सेतु' सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा जंजैहली में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 1 मार्च को

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** जंजैहली क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से 'सेतु' सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आगामी 01 मार्च रविवार को सुबह 9:30 बजे से जंजैहली में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विशेष रूप से स्थानीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री उपस्थित रहेंगे।

इस महत्वपूर्ण सामाजिक पहल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया संयोजक पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि ट्रस्ट का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके घर के समीप ही विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में चिकित्सा जगत के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे, जिनमें मेडिसिन, बाल रोग, महिला रोग, सर्जरी, हड्डी रोग, ई.एन.टी. (कान, नाक, गला), नेत्र रोग और दंत रोग विभाग शामिल हैं।

शिविर के दौरान न केवल विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा, बल्कि मरीजों को आवश्यकतानुसार दवाएं भी मुफ्त वितरित की जाएंगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी ग्रामीणों और जरूरतमंदों से अपील की है कि वे रविवार को आयोजित होने वाले इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराएं और इस निःशुल्क सेवा का पूरा लाभ उठाएं, ताकि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायता मिल सके।

# प्राथमिकता से निपटाए जाएंगे एक वर्ष से अधिक पुराने राजस्व मामले : अपूर्व देवगन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आज डीआरडीए सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में 1 जनवरी से 15 फरवरी तक निपटाए गए राजस्व अदालती मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक वर्ष से अधिक पुराने सभी राजस्व मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और लंबित मामलों के निपटारे में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों के लंबित रहने से आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य निर्धारित करे। विशेष रूप से तकसीम, निशानदेही और राजस्व दुरुस्ती से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि एक वर्ष से अधिक पुराना कोई भी मामला लंबित नहीं रहना चाहिए। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन पटवार भवनों का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, उन्हें 31 मार्च तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने वर्ष 2023–24 और 2024–25 की लंबित जमाबंदियों को भी 31 मार्च तक पूर्ण करने के आदेश दिए। राहत से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसकी प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और शेष कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा करने को कहा। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ मदन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी हरीश शर्मा सहित उपमंडलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# बृज मार्शल आर्ट अकैडमी बिलासपुर के 12 बच्चों ने कराटे में प्राप्त की यलो बेल्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर में स्थित बृज मार्शल आर्ट अकैडमी जिसका मार्शल आर्ट के क्षेत्र में अपना ही एक नाम है। यह अकादमी वर्ष 2019 से लगातार बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य कर रही है इस अकादमी के बच्चों ने राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अपने नाम कर रही है। बृज मार्शल आर्ट अकादमी के निदेशक और टेक्निकल डायरेक्टर सिहान बृजलाल चैहान सिक्स डिग्री ब्लैक बेल्ट ने बताया कि अकादमी में लगभग 80 बच्चे प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। अकादमी की एक ब्रांच ऋषिकेश में भी है तथा ग्रेस गार्डन स्कूल घुमारवीं व शिशु निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल दशमल लदरौर में भी बच्चों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 10 बच्चों की कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा ली गई। सभी बच्चों ने कड़ी मेहनत करके इस परीक्षा को उत्तीर्ण करके येलो बैल्ट प्राप्त की। कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का कराटे के क्षेत्र में एक अपना ही महत्व है। इससे बच्चों में कराटे के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है तथा लोगों में और बच्चों में कराटे के प्रति जागरूक किया जाता है। कलर बेल्ट प्राप्त करने वाले बच्चों में क्रमशः लेविन डोगरा, रुद्राक्ष सरीन, अयांश डोगरा, शौर्य डोगरा, युवराज सिंह व तक्ष शर्मा ने येलो बेल्ट प्राप्त की। यह परीक्षा बृजलाल चैहान (6डिग्री ब्लैक बेल्ट), कुलदीप अध्यक्ष बृज कराटे क्लब, ब्लैक बेल्ट, खेमराज (ब्लैक बेल्ट) कोमल कोषाध्यक्ष (ब्लैक बेल्ट) की उपस्थिति में की गई। सिहान बृज लाल चैहान द्वारा बच्चों को कलर बेल्ट व सर्टिफिकेट वितरित किए गए तथा चैहान ने अपने संबोधन में बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा इस क्षेत्र में निरंतर अभ्यास करने के लिए भी प्रेरित किया तथा अपने संबोधन में कहा गया कि आज के इस मुहौल को देखते हुए बृज मार्शल अकैडमी शहर में बहुत अच्छा कार्य कर रही है और यह मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण हर बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। चैहान ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि अपने बच्चों को 1 घंटे का समय निकालकर ऐसी एक्टिविटी में भेजें। वहीं सिहान बृजलाल चैहान ने सबका आभार व्यक्त किया तथा अन्य सभी मौजूद गणमान्य व्यक्तियों का भी धन्यवाद व्यक्त किया और बेल्ट प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को बहुत.बहुत बधाई दी।

## छेश्चू मेले में झंडा रस्म को उमड़ा जनसैलाब

खेमचंद शास्त्री

मंडी। रिवालसर में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चु मेले का समापन पारंपरिक झंडा रस्म के साथ हुआ। रिवालसर प्राचीन निंगमपा के प्रांगण में पवित्र झंडा चढ़ाने की धार्मिक रस्म में बौद्धिष्ट श्रद्धालुओं ने बड़ी तादाद में शिरकत की। यह मेला रिवालसर में धार्मिक सौहार्द और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक माना जाता है। छेश्चू धार्मिक पर्व में झंडा चढ़ाने की रस्म को बौद्ध धर्म के अनुसार महत्वपूर्ण धार्मिक कड़ी माना जाता है।

बौद्ध श्रद्धालु की आस्था के अनुसार अपने मनोकामनाओं के पूर्ण होने के लिए अलग अलग रंगों और मंत्रोचारित झंडों को चढ़ाया जाता है।

# राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करेंः अनुराग चंद्र शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आज जिला मुख्यालय के बहुउद्देश्यीय भवन में राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर, एसडीएम मनाली रमन शर्मा, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी, सहित समस्त तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि इंतकाल, पार्टीशन (बंटवारा), सीमांकन तथा अतिक्रमण से संबंधित मामलों का निपटारा समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार के राजस्व मामले में अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं होगी। उपायुक्त ने सभी तहसीलदारों को अपने–अपने क्षेत्र में लंबित मामलों के शीघ्र समाधान हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इंतकाल एवं ऑनलाइन इंतकाल की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि आम जनता को समय पर राहत मिल सके। बैठक में उपायुक्त ने प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने स्पेशल रिलीफ फंड, पीडीएनए, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ तथा अन्य राहत मामलों में पारदर्शिता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं में क्षतिग्रस्त मकानों के लिए अनुदान, मुआवजा मामलों के डिजिटलीकरण तथा राहत प्रकरणों के शीघ्र निपटारे पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इंतकाल, पार्टीशन, अतिक्रमण अथवा किसी भी प्रकार का राजस्व मामला एक वर्ष से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए।

# ज्ञान और नवाचार का उत्सवः राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा में आज बड़े उत्साह और गरिमा के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य चेतन सिंह गुलेरिया बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा उनका शाल एवं स्मृति–चिह्न देकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय में एक आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने चार्ट, कार्यशील मॉडल तथा विभिन्न विज्ञान–आधारित गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अनेक मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने भाषण एवं लघु नाटिका (स्किट) के माध्यम से विज्ञान के महत्व, दैनिक जीवन में उसके उपयोग तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन को प्रगतिशील एवं सरल बनाने की शक्ति है। मुख्य अतिथि चेतन सिंह गुलेरिया ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हमें महान वैज्ञानिकों के योगदान का स्मरण कराने के साथ–साथ नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा में विज्ञान और अध्यात्म सदैव साथ–साथ चले हैं। प्राचीन भारत में भी अनेक महान वैज्ञानिक और ज्ञानवान ऋषि हुए, जिन्होंने गणित, खगोल विज्ञान, आयुर्वेद, धातु विज्ञान तथा वास्तुशास्त्र जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।उन्होंने बच्चों को आधुनिक विज्ञान के साथ–साथ भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा को समझने और उससे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता श्री हेमराज, गणित प्रवक्ता श्रीमती नीरज शर्मा, जीव विज्ञान प्रवक्ता महेंद्र पाल शर्मा, रसायन विज्ञान प्रवक्ता सुशील कुमार तथा टीजीटी गणित रीता कुमारी सहित अन्य अध्यापकों ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं तार्किक क्षमता का विकास करते हैं। साथ ही, उन्होंने मुख्य अतिथि के विद्यालय आगमन हेतु आभार व्यक्त किया।

# स्थानीय अवकाश की तिथि में बदलाव, अब 2 मार्च को रहेगा अवकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने आदेश जारी कर मंडी सदर, गोहर, सरकाघाट, थुनाग और कोटली उपमंडलों में 3 मार्च को घोषित स्थानीय अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया है। अब इन उप मंडलों में 3 मार्च के स्थान पर 2 मार्च, 2026 को स्थानीय अवकाश रहेगा। जारी आदेश के अनुसार यह संशोधन 27 दिसंबर, 2025 को जारी स्थानीय अवकाश अधिसूचना के संदर्भ में किया गया है। संबंधित उप मंडलों के सभी सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में होली के अवसर पर अवकाश 2 मार्च को ही मान्य होगा। जबकि 3 मार्च को सभी सरकारी कार्यालय व शिक्षण संस्थान खुले रहेंगे।

# प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को विकास की धारा से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध–डॉ. शांडिल

कार्यक्रम

**ग्राम पंचायत जौणाजी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आयोजित**



**टीम एक्श इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को विकास की धारा से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। डॉ. शांडिल आज सोलन उपमण्डल की ग्राम पंचायत जौणाजी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में लोगों की जन समस्याएं सुनने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जौणाजी, कोटला मशीवर, सेर बनेड़ा, पड़ग, सलोगड़ा, धरोट, बसाल, शमरोड़ तथा नगर निगम सोलन के लोगों की समस्याएं सुनी गई। डॉ. शांडिल ने कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके घर-द्वार पर सेवाएं उपलब्ध करवाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना प्रदेश सरकार का उद्देश्य है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चरणबद्ध आधार पर आधुनिक उपकरण लगा रही है ताकि लोगों को घर-द्वार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सके।

# प्रदेश में प्रवेश शुल्क को लेकर बिफरी भाजपा, सीएम को भेजा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सर्किट हाउस से उपायुक्त कार्यालय तक जुलूस निकाला और उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रवेश शुल्क पर वृद्धि को पुर्नविचार करने को कहा ।उन्होंने कहा कि उनका मानना है हिमाचल प्रदेश में वर्तमान सरकार द्वारा प्रवेश शुल्क में की जा रही वृद्धि से आम जनता पर्यटकों तथा स्थानीय व्यवसायियों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा और यह निर्णय प्रदेश की पर्यटन आधरित अर्थव्यवस्था तथा माध्यम एवं निम्न आय वर्ग के लोगों के हितों के विपरीत प्रतीत होता है। इस अप्रत्याशित वृद्धि से प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या प्रभावित हो सकती है। उन्होने कहा छोटे व्यापारियों, होटल व्यवसायियों एवं स्थानीय रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रणधीर शर्मा ने कहा आम नागरिकों के लिए सार्वजनिक स्थालों तक पहुंच महंगी हो जाएगी। उन्होने कहा कि हिमाचल की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा आधार पर्यटन है। ऐसे में कांग्रेस सरकार द्वारा बिना किसी व्यापक परामर्श के प्रवेश शुल्क बढ़ाना न केवल पर्यटकों को हतोत्साहित करेगा, बल्कि छोटे दुकानदारों, टैक्सी चालकों, होटल व्यवसायियों और स्थानीय युवाओं के रोजगार पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। भारतीय जनता पार्टी श्री नयना देवी मांग की है कि प्रवेश शुल्क वृद्धि के निर्णय पर पुर्नविचार करें ताकि जनता को राहत मिल सके और प्रदेश की पर्यटन व्यवस्था संतुलित बनी रहे। इस मौके पर जिला भाजपा के अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल, आदि

# पादप स्वास्थ्य प्रबंधन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिक्षा–उद्योग सहयोग पर बल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**



**सोलन।** 'सतत विकास के लिए तालमेल: पादप स्वास्थ्य प्रबंधन में अकादमिक जगत और उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ आज डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में हुआ। विशेषज्ञों ने शोध और खेत-स्तर पर उसके अनुप्रयोग के बीच की खाई को पाटने के लिए शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सशक्त साझेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। इस संगोष्ठी का आयोजन हिमालयन फायटोपथोलॉजीकल सोसाइटी द्वारा विश्वविद्यालय के पादप रोग विज्ञान विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। देशभर के विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों और एग्रोकेमिकल उद्योग से 188 से अधिक प्रतिभागी इसमें भाग ले रहे हैं। आचार्य एन.जी. रंगा कृषि विश्वविद्यालय गुन्टूर की कुलपति डॉ. आर. सारदा जयलक्ष्मी देवी इस अवसर पर मुख्य अतिथि रही। उन्होंने अपने संबोधन में वैज्ञानिक खोजों को विस्तार योग्य एवं किसान-हितैषी तकनीकों में परिवर्तित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आधुनिक कृषि में फफूंदनाशी जैव-कीटनाशकों तथा पर्यावरण-अनुकूल रासायनिक संरक्षण की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में जैव-अवक्रमणीय, लक्षित प्रभाव वाले और कम विषाक्त कंपाउंड के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही, नैनो-बायोफफूंदनाशकों को पारंपरिक फफूंदनाशकों के प्रभावी विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और शोध संस्थान पादप रोगजनकों, होस्ट प्रतिरोध, आणविक निदान एवं समन्वित रोग प्रबंधन पर मूलभूत ज्ञान विकसित करते हैं,

# प्रत्येक पात्र सफाई कर्मी को सुनिश्चित हो सरकारी योजनाओं का लाभः डीसी राहुल

बैठक

**मैनुअल स्केवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम 2013 के अंतर्गत सतर्कता समिति की बैठक आयोजित**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से मैनुअल स्केवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम 2013 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और सफाई कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिला के जलशक्ति विभाग तथा नगर परिषद् को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन समयबद्ध सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी सफाई कर्मचारियों की नियमित और समुचित स्वास्थ्य जांच के लिए अलग से कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा ताकि सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी सुनिश्चित हो सके। राहुल कुमार ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति सफाई कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को जागरूक करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कहा कि सफाई कार्य के दौरान उपयोग किए जाने वाले सभी आवश्यक उपकरण जैसे गुणवत्तापूर्ण मास्क, दस्ताने, वर्दी एवं अन्य सुरक्षा सामग्री की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सफाई कर्मियों के सरकार द्वारा निर्धारित सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं की अनुपालना सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिये। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिस्टर फेयरवेल बने पीयूष और मिस फेयरवेल का ताज सजा समृद्धि के सिर



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** शुक्रवार को आरआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल बाड़ी पडयालग में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना स्वागत भाषण से की गई। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। स्कूल की प्रिंसिपल कुसुम मोदगिल ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के जीवन में मेहनत और अनुशासन का महत्व बताया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्कूल में बिताए अपने अनुभव को सांझा किया। फेयरवेल पार्टी भावनाओं और खुशियों के बीच संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए मिस्टर और मिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मिस्टर फेयरवेल पीयूष और मिस फेयरवेल समृद्धि तथा मिस्टर पर्सनेलिटी सार्थक व मिस पर्सनेलिटी वंशिका को चुना गया। आरआर मेमोरियल स्कूल थोड़े से समय में लोगों के लिए अपने बच्चों की शिक्षा हेतु पहली पसंद बनता जा रहा है। इसके साथ इस स्कूल में अनाथ, विधवा व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधक निर्देशक मनोज गौतम व शर्मिला गौतम ने बच्चों की आने वाली नई शुरुआत के लिए निडर होकर मेहनत व अनुशासन से अपनी मंजिल पाने की सीख दी

# जिला बिलासपुर में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 22 नए गांव चयनितः उपायुक्त

बैठक

**बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर योजना की प्रगति की समीक्षा की और आगामी कार्य योजना पर चर्चा की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय अभिसरण समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर योजना की प्रगति की समीक्षा की और आगामी कार्य योजना पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत अब जिला की 22 ग्राम पंचायतों के 22 नए गावों को चयनित किया गया है। इन चयनित गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, स्वच्छता और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विभिन्न घटकों के अंतर्गत विकास कार्य करवाए जाएंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र और संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि सदर बिलासपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत, बेनला ब्राहमणा का गांव लुहणू कनैतां, निचली भटेड का गांव बघडीं, धौण कोठी पंचायत का गांव धौण कोठी, बरमाणा पंचायत का गांव नालग, बल्ह बल्हवाणा पंचायत का गांव तरेड़ शामिल है। इसी तरह जहां उपमण्डल घुमारवीं के अंतर्गत ग्राम पंचायत लुहारवीं का गांव बरोटा, पनोह पंचायत का गांव सनौर, दाबला पंचायत का गांव दाबला तथा ग्राम पंचायत तल्याणा का गांव बेहल नवाणे, तो वहीं उपमण्डल झण्डुता के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलवाड का गांव बल्ह चलोग, ग्राम पंचायत बरठीं का गांव गुआवं, ग्राम पंचायत डाहड़ का गांव डाहड, डमली ग्राम पंचायत का गांव धराडसानी, बडगांव गलू पंचायत का गांव बडगांव, सुन्हाणी पंचायत का गांव डूहक, बैहना ब्राहम्णा पंचायत का गांव बेहना ब्राहम्णा, दाड़ी भाड़ी पंचायत का गांव रछेड़ा, बड़ोल ग्राम पंचायत का गांव पोली तथा ग्राम पंचायत बल्हसीना का गांव कथ्यूण शामिल है। यही नहीं उपमंडल श्री नयना देवी जी के अंतर्गत ग्राम पंचायत टोबा संगवाणा का गांव नीलां, ग्राम पंचायत टाली का गांव दगडाहण तथा ग्राम पंचायत री का गांव री को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत गांवों का चयन केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अंतर्गत ऐसे गांव को चयन में प्राथमिकता प्रदान की जाती है जहां 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति की आबादी निवास करती है। उपायुक्त राहुल ने बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत पूर्व में चयनित 25 गांवों में से 21 में विभिन्न विकास कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। शेष चार गांवों में भी चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा।

# प्राथमिक शिक्षक कल मंडी में बोलेंगे हल्ला

खेमचंद शास्त्री

मंडी। जिला भर के हजारों प्राथमिक शिक्षक रविवार 1 मार्च को जिला मुख्यालय मंडी में हल्ला बोलेंगे। प्राथमिक शिक्षक प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग की अनदेखी से मायूस है, जिसके चलते शिक्षकों में भारी आक्रोश है, जिसके चलते प्राथमिक शिक्षक राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ मंडी के बैनर तले रैली निकाल प्रदेश सरकार तक अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। यह रैली कार्यालय उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा से शुरू होकर उपायुक्त कार्यालय तक निकाली जाएगी और उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को मांग पत्र भेजा जाएगा। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ मंडी के अध्यक्ष बाबू राम कौंडल ने बताया कि रैली में जिला के सभी 25 खंडों के शिक्षक हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि न्यू कंपलेक्स सिस्टम की अधिसूचना वापिस लेने सहित एचटी, सीएचटी व बीईईओ की शक्तियां बहाल करने, प्राथमिक शिक्षा से छेड़छाड़ बंद करने, प्राथमिक शिक्षकों से अन्याय बंद करने, जेबीटी के खाली पद जल्द भरने, नर्सरी टीचर्स के खाली पद जल्द भरने व प्राथमिक शिक्षक संघ से वार्ता जल्द करने की मांगों को लेकर मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षक प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि रैली के बाद प्रदेश सरकार व विभाग द्वारा संघ की मांगों को अनदेखा किया जाता है तो मजबूरन आंदोलन को ओर तेज किया जाएगा।

# अमूल की भांति विकसित किया जाएगा हिमाचल मिल्क फेडरेशन का स्वरूप : बुद्धि सिंह ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश मिल्क फेडरेशन को अमूल डेयरी की भांति विकसित करने की योजना पर विचार किया जा रहा है । मंडी के रिवालसर में छेशजू मेला के समापन समारोह पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे हिमाचल प्रदेश मिल्क फेडरेशन के उपाध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने यह शब्द लोगों को संबोधित करते हुए कहे ।उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में दुग्ध क्रांति लाने का श्रेय मुख्यमंत्री सुखविंदर को जाता है ।जैसे ही हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री ने ग्रामीण लोगों की आर्थिक दशा को मजबूत करने के लिए सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लिया जिसके तहत दूध के न्यूनतम मूल्य को 51 रुपए किया गया ।दूध के मूल्य बढ़ जाने से ग्रामीण लोगों की आर्थिक दशा को मजबूती प्रदान हुई ।उन्होंने कहा कि जब वह गुजरात के दौरे पर गए थे तो उन्होंने वहां अमूल डेयरी का दौरा किया तथा इस अमूल डेयरी में करीब 120 उत्पादन दूध के बनाए जा रहे हैं, उसी तर्ज पर हिमाचल सरकार भी दूध के विभिन्न उत्पाद तैयार कर मार्केट में उतरेगी ।उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 400 करोड़ की लागत से मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट बनाए जा रहे हैं तथा इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है ।उन्होंने कहा कि जिला मंडी के रिवालसर पर स्थित संध्यानी में बंद पड़े चिलिंग प्लांट को पुनः शुरू किया जाएगा। इससे पूर्व मेला अध्यक्ष एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने उन्हें साल टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा मुख्य अतिथि के हाथों विभिन्न महिला मंडलों द्वारा किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भी सम्मानित करवाया। इस अवसर पर एपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरया, देवेंद्र ठाकुर, घनश्याम ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा

**खुली निविदा संख्या 56–अम्बाला/2025–26, दिनांकः 28.02.2026**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15:00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केएनएन स्टेशन पर पीएफ सतह में सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया का उन्नयन और यात्री सुविधाओं में सुधार का कार्य किया जा रहा है। | 3,02,19,212/- | 3,01,100 | 08 महीने | 23.03.2026 |
| 2 | मंडी गोबिंदगढ (जीवीजी) स्टेशन पर पीएफ सतह में सुधार, परिसंचार क्षेत्र का उन्नयन, मुख्य प्रवेश निकास द्वार, वीडीसी फर्श और यात्री सुविधाओं का उन्नयन। | 1,17,41,924/- | 2,08,700/- | 08 महीने | 23.03.2026 |
| 3 | अंबाला डिवीजन (एलसी नं. 1सी, 35सी, 50ए और 52सी एसआईआर–डीएलपीसी सेक्शन) के इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों पर शेष मैकेनिकल लिफ्टिंग बैरियर के स्थान पर इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर का प्रावधान और सड़क संकेतों का प्रावधान सहित सिविल कार्य। | 1,26,75,341/- | 2,13,400/- | 08 महीने | 23.03.2026 |

**नोटः 1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **665/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कामगार कल्याण बोर्ड की विवाह सहायता योजना जरूरतमंदों के जीवन में भर रही खुशियों के रंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की विवाह सहायता योजना जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भर रही है। इस योजना के अंतर्गत बोर्ड में पंजीकृत कामगारों को उनकी अपनी या अपने दो बच्चों की शादी के लिए 51-51 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इससे मेहनत-मजदूरी करने वाले इन कामगारों को शादी के व्यय में मदद के साथ ही सरकार की ओर से शगुन भी प्राप्त हो रहा है। औट क्षेत्र के गांव खीनी निवासी खेम सिंह बताते हैं कि वह एक गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। उनके परिवार में कुल 11 सदस्य हैं, जिनमें वृद्ध मां-बाप, पत्नी और बच्चे तथा भाई शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2016 से कामगार कल्याण बोर्ड से जुड़े हैं। वर्ष 2023 में उन्होंने बेटे की शादी के लिए वित्तीय सहायता फॉर्म भरा। जिस पर उन्हें 51 हजार रुपये की मदद मिली है, जिसके लिए वह बोर्ड तथा विशेषतौर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी उन्हें बच्चों की पढ़ाई और पिता की बीमारी के दौरान उपचार के लिए बोर्ड से सहायता राशि मिल चुकी है। नगवाईं क्षेत्र के गांव सरसेहड़ निवासी चेत राम ने बताया कि वे खेतीबाड़ी और मजदूरी करते हैं। वर्ष 2023 में कामगार कल्याण बोर्ड से जुड़े और तब उन्हें पता चला कि पंजीकृत कामगारों को स्वयं की या बच्चों की शादी के लिए वित्तीय सहायता राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बेटे की शादी के लिए वित्तीय सहायता का फॉर्म भरा। बोर्ड द्वारा वर्ष 2025 में विवाह वित्तीय सहायता राशि के अंतर्गत 51 हजार रुपये प्रदान किए गए। इससे शादी के खर्च पूरा करने में बहुत मदद मिली। इस उदार वित्तीय सहायता के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री तथा कामगार कल्याण बोर्ड का धन्यवाद किया है। जिला श्रम कल्याण अधिकारी अनिल ठाकुर ने बताया कि यह योजना दो बच्चों के विवाह तक मान्य है।

# मध्यस्थता 2.0 अभियान के तहत मध्यस्थता पैनल के लिए आवेदन आमंत्रित

खेमचंद शास्त्री

मंडी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी ने न्यायालयों में लंबित मामलों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण निपटारे के उद्देश्य से मध्यस्थता 2.0 अभियान के तहत मध्यस्थता पैनल के गठन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। अभियान का शुभारंभ 1 जुलाई से किया जाएगा और इसके माध्यम से दीवानी, पारिवारिक, बैंकिंग, राजस्व तथा अन्य सुलह योग्य मामलों का आपसी सहमति से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विवेक कायस्थ ने बताया कि न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या कम करने तथा पक्षकारों को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने में मध्यस्थता एक प्रभावी और व्यावहारिक माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से समय और धन दोनों की बचत होती है तथा आपसी संबंधों में भी सौहार्द बना रहता है। मध्यस्थता 2.0 अभियान का उद्देश्य आमजन में वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को इस

# शिलाई में तीन दिवसीय ज्योतिष और कर्मकांड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** खडकहां तहसील शिलाई हिमाचल प्रदेश में तीन दिवसीय ज्योतिष और कर्मकांड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ क्योंकि संस्कृत अकादमी हिमाचल प्रदेश सरकार के सौजन्य से प्रारंभ हुआ और साथ में सांचा विद्या के विषय में प्रशिक्षण भी इस शिविर में ज्ञान दिया जाएगा। जिला सिरमौर जिला की एक प्राचीन विद्या है और धीरे-धीरे इसके जानकारी कम होते जा रहे हैं यह गांव सांचा विद्या का एक विशेष केंद्र है जहां पर सांचा विद्या के द्वारा प्रश्न लगाने के लिए थोड़ी और विद्या से दोष इत्यादि देखे जाते हैं संचार विद्या में जो खुजतरी,कल्याणी,लग्न होर, नक्षत्र होर, अवजादी ,पितृ शोधा,सिरमौरी पारम्परिक पूजा सिंज होम विधि का प्रशिक्षण विद्वान पंडितो द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र शर्मा का बीच नंबरदार ने की। इस अवसर पर पंडित बद्री प्रसाद शर्मा, पंडित देवी राम शर्मा, भवानी दत्त शर्मा, अनंत राम शास्त्री चांदना धार से आए हरिश्चंद्र शर्मा पाबूच, बलिराम आदि प्रशिक्षण देंगे। लायक राम भारद्वाज शास्त्री अध्यक्ष भारत विकास परिषद नाहन शाखा,आचार्य मोतीलालव कंवर शर्मा पाबूच कर्मकाण्ड ज्योतिष विज्ञान पर आधारित प्रशिक्षण देंगे तथा लगभग पचास प्रशिक्षु प्रशिक्षण लेंगे। मंच संचालन बलबीर शर्मा आभूषण प्रवक्ता गणित ने किया और बाहर से भी कृष्ण दत्त शर्मा, राहुल अंगीरस, रणदीप शास्त्री, दीप राम शर्मा रोशन शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस कार्य के लिए डायग्राम भरद्वाज शास्त्री जी ने विशेष बेड़ा उठाया और निदेशक शिक्षा विभाग डॉक्टर अमरजीत शर्मा निर्देशक शिक्षा विभाग एवं सचिव संस्कृत अकादमी हिमाचल प्रदेश से विशेष आग्रह किया है

हम उनका आयोजन के लिए हार्दिक धन्यवाद करते हैं। भाषा अकादमी से नरेंद्र शर्मा, जगदीश तथा पवन उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम महासू महाराज मंदिर बड़का है के परिसर में किया जा रहा है।

# राजकीय महाविद्यालय पझौता में एनएसएस द्वारा 'राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्र निर्माण' थीम पर सात प्रतियोगिताओं का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**राजगढ़।** ऐतिहासिक सरोकारों से जुड़े विषयों को केंद्र में रखते हुए राजकीय महाविद्यालय पझौता की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में छात्रों के बहुमुखी विकास के उद्देश्य से 'राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्र निर्माण' विषय पर सात विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में पोस्टर मेकिंग, पेपर क्राफ्ट, नारा लेखन, निबंध लेखन, संस्कृति परक लेख लेखन, रंगोली तथा भाषण प्रतियोगिता शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक, बौद्धिक एवं कलात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे— पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता बीए प्रथम वर्ष की नेहा ने प्रथम, द्वितीय वर्ष की स्मृति ने द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष की प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेपर क्राफ्ट



प्रतियोगिता बीए तृतीय वर्ष की छात्राएं हिना, पायल एवं प्रिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता बीए प्रथम वर्ष की सपना प्रथम, बीए तृतीय वर्ष के प्रियांशु द्वितीय तथा बीए द्वितीय वर्ष की स्मृति तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध लेखन प्रतियोगिता बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियांशु प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की कविता द्वितीय तथा सपना तृतीय स्थान पर रहीं। संस्कृति परक लेख लेखन प्रतियोगिता बीए तृतीय वर्ष की प्रियांशु प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की कविता द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष के नीरज एवं बीए द्वितीय वर्ष के राहुल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता प्रियांशु प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की अंजलि द्वितीय तथा बीए अंतिम वर्ष की पायल एवं द्वितीय वर्ष की स्मृति संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता अंजलि ने प्रथम, हिना ने द्वितीय तथा स्मृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शिवानी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं कला शिल्प प्रतिभा की सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन हेतु उपयोगी सुझाव दिए। अपने संबोधन में उन्होंने राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए

# राजगढ़ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शूलिनी विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**



**राजगढ।** राजगढ़ महाविद्यालय के विज्ञान एवं वाणिज्य विभाग के छात्रों ने शुक्रवार को शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक शोध सुविधाओं, उद्योग, अकादमिक संबंधों और उच्च शिक्षा के नए अवसरों से रुबरु कराना था। छात्रों ने शूलनी विश्वविद्यालय की विश्व स्तरीय प्रयोगशालाओं, अनुसंधान केंद्रों और लाइब्रेरी का भी भ्रमण किया तथा विश्विद्यालय के विषय विशेषज्ञ फैकल्टी के व्याख्यानों का भी लाभ उठाया।शैक्षणिक भ्रमण में कुल 27 छात्रों ने भाग लिया।इस कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. गीतिका ठाकुर, डॉ. अभिषेक कुमार एवं प्रो. विनोद शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा महाविद्यालय के शोध एवं नवाचार समिति के समन्वयक डॉ. शिव भारद्वाज ने शूलिनी विश्वविद्यालय के सेवा विस्तार सलाहकार श्री चन्द्रमोहन शर्मा के साथ इस कार्यक्रम का समन्वय किया ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने भ्रमण को पाठ्यक्रम को व्यावहारिक पूरक एवं अत्यंत सफल बताते हुए छात्रों के उत्साह एवं अनुशासन की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक भ्रमणों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ.पी. के. खोसला तथा सेवा विस्तार सलाहकार चन्द्रमोहन शर्मा का इस कार्यक्रम हेतु धन्यवाद भी किया ।

## संपादकीय

# अब आतंकवाद पर होगा निर्णायक 'प्रहार'

**मृत्युंजय दीक्षित**

**विभाजन** की विभीषिका के साथ स्वतंत्र हुआ भारत, स्वतंत्रता के बाद से ही आतंकवाद से पीड़ित रहा किन्तु अभी तक उसके पास आतंकवाद से लड़ने की कोई स्पष्ट नीति या रणनीति ही नहीं थी। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) की नीति स्पष्ट हुयी। पहली बार माओवाद जैसे आतंकवाद को समाप्त करने के लिए एक तारीख तय की गई और उस दिशा में काम हुआ जिसका प्रभाव दिखाई देने लगा है। आतंकवादी हमले होने पर सीमा पार जाकर आतंकवादियों का दमन किया जाता है। अब भारत शत्रु के घर में घुसकर बदला लेता है, ऑपरेशन सिंदूर में भारत का क्रोध सम्पूर्ण विश्व ने देखा है। आतंकवाद के बढ़ते खतरों व देश विरोधी षड्यंत्रों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने देश में पहली आतंकवाद रोधी नीति प्रहार जारी की है। प्रहार आतंकवाद के खिलाफ एक बहुस्तरीय रणनीति है जो खुफिया जानकारी के आधार पर चरमपंथी हिंसा की रोकथाम और उसे निष्क्रिय करने पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य आतंकवादियों, उनके वित्तपोषकों और समर्थको को धन, हथियार और सुरक्षित ठिकानों तक पहुंच से वंचित करना है। इसमें साइबर क्राइम, ड्रोन हमलों. सीमा पार आतंकवाद और जटिल सुरक्षा खतरों से निपटने के सुगठित राष्ट्रीय ढांचे का भी उल्लेख किया गया है। आजकल बहुत से आतंकवादी संगठन युवाओं की भर्ती के लिए इंटरनेट मीडिया का सहारा ले रहे हैं, इंटरनेट के माध्यम से ही साइबर ठगी आदि करके लिए धन संग्रह कर रहे हैं व लोगों की मानसिकता को अपने पक्ष में करने के लिए छद्म तरीके से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर काम कर रहे हैं, प्रहार रणनीति आतंकवाद के इन नए तरीकों से निपटने का मार्ग दिखाती है। केंद्रीय गृहमंत्रालय द्वारा जारी की गई प्रहार रणनीति, भारत के अन्दर या विदेश से उत्पन्न होने वाले आतंकी खतरों का सामना करने के लिए सात प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। इसमें पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा गया है कि, भारत के पड़ोस में अस्थिरता का इतिहास रहा है जिसके कारण अराजक क्षेत्र उत्पन्न हुए हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र के कुछ देशों ने कभी -कभी आतंकवाद को राज्यनीति के एक साधन के रूप मे इस्तेमाल किया है। इसके बावजूद भारत आतंकवाद को किसी विशेष धर्म, जातीयता, राष्टीयता या सभ्यता से नहीं जोड़ता। भारत ने हमेशा आतंकवाद और किसी भी तत्व द्वारा, किसी भी घोषित या अघोषित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए इसके उपयोग की स्पष्ट व निर्विवाद रूप से निंदा की है। नीति दस्तावेज में कहा गया है कि भारत लगातार आतंकवाद के पीड़ितों के साथ खड़ा रहा है और इस पर अडिग है कि दुनिया में हिंसा का कोई औचित्य नहीं हो सकता।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# सार्वजनिक जल प्रशासन की गहरी विफलता



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

"ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अलग होते हुए भी उतनी ही चिंताजनक है। वहां बोतलबंद पानी का उपयोग अपेक्षाकृत कम है, लेकिन जैसे-जैसे ग्रामीण बाजारों तक निजी कंपनियों की पहुंच बढ़ रही है, यह निर्भरता वहां भी बढ़ने लगी है। कई इलाकों में भूजल में फ्लोराइड, आर्सेनिक या आयरन की अधिकता के कारण लोग स्थानीय जल स्रोतों से डरने लगे हैं। राज्य द्वारा उपलब्ध कराए गए सामुदायिक नल या हैंडपंप अक्सर या तो खराब रहते हैं या फिर उनका पानी पीने योग्य नहीं होता। ऐसे में जिनके पास आर्थिक क्षमता है, वे बोतलबंद पानी खरीद लेते हैं"



**भारत** में बोतलबंद पानी पर बढ़ती निर्भरता केवल उपभोक्ता व्यवहार में आए बदलाव की कहानी नहीं है, बल्कि यह सार्वजनिक जल प्रशासन में व्याप्त गहरी और बहुस्तरीय प्रणालीगत समस्याओं की ओर भी स्पष्ट संकेत करती है। कभी जो नल का पानी नागरिकों के लिए बुनियादी अधिकार और राज्य की जिम्मेदारी माना जाता था, वही आज अविश्वास, असुरक्षा और असमानता का प्रतीक बनता जा रहा है। शहरों से लेकर कस्बों और यहां तक कि ग्रामीण इलाकों में भी लोग पीने के लिए प्लास्टिक की बोतलों पर निर्भर होते जा रहे हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक बोझ बढ़ाती है, बल्कि पर्यावरण, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक शासन की अवधारणा पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। आधुनिक भारत में जल संकट को अक्सर वर्षा की कमी, जलवायु परिवर्तन या बढ़ती जनसंख्या से जोड़कर देखा जाता है। हालांकि ये सभी कारक महत्वपूर्ण हैं, लेकिन बोतलबंद पानी की लोकप्रियता का मूल कारण इनसे कहीं अधिक गहरा है। असल समस्या यह है कि नागरिकों का भरोसा सार्वजनिक जल आपूर्ति प्रणालियों से लगातार टूटता जा रहा है। नलों से आने वाले पानी की गुणवत्ता पर संदेह, नियमित आपूर्ति का अभाव, और पारदर्शिता की कमी ने लोगों को वैकल्पिक स्रोतों की ओर धकेल दिया है। जब राज्य अपनी बुनियादी जिम्मेदारी निभाने में असफल होता है, तब बाजार उस खाली स्थान को भर देता है—अक्सर मुनाफे की शर्तों पर। शहरी भारत में बोतलबंद पानी का उपयोग तेजी से बढ़ा है। महानगरों में तो यह लगभग जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों और यहां तक कि सरकारी दफ्तरों में भी बड़े जार और बोतलें आम दृश्य हैं। यह स्थिति विडंबनापूर्ण है, क्योंकि इन्हीं शहरों में सबसे विकसित जल अवसंरचना होने का दावा किया जाता है। यदि इतनी सुविधाओं के बावजूद नागरिक सुरक्षित नल का पानी नहीं पी सकते, तो यह प्रशासनिक विफलता का सीधा प्रमाण है। पाइपलाइन की जर्जर हालत, सीवेज और पेयजल लाइनों का आपस में मिलना, तथा नियमित परीक्षण की कमी—ये सभी समस्याएँ वर्षों से ज्ञात हैं, लेकिन समाधान आधे-अधूरे ही रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अलग होते हुए भी उतनी ही चिंताजनक है। वहां बोतलबंद पानी का उपयोग अपेक्षाकृत कम है, लेकिन जैसे-जैसे ग्रामीण बाजारों तक निजी कंपनियों की पहुंच बढ़ रही है, यह निर्भरता वहां भी बढ़ने लगी है। कई इलाकों में भूजल में फ्लोराइड, आर्सेनिक या आयरन की अधिकता के कारण लोग स्थानीय जल स्रोतों से डरने लगे हैं। राज्य द्वारा उपलब्ध कराए गए सामुदायिक नल या हैंडपंप अक्सर या तो खराब रहते हैं या फिर उनका पानी पीने योग्य नहीं होता। ऐसे में जिनके पास आर्थिक क्षमता है, वे बोतलबंद पानी खरीद लेते हैं, जबकि गरीब तबके दूषित पानी पीने को मजबूर रहते हैं। यह स्थिति जल के क्षेत्र में गहरी असमानता को जन्म देती है। बोतलबंद पानी उद्योग का विस्तार अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। एक ओर यह उद्योग शुद्धता और सुरक्षा का वादा करता है, वहीं दूसरी ओर इसके नियमन में गंभीर खामियां हैं। कई बार यह पाया गया है कि बाजार में उपलब्ध बोतलबंद पानी भी गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरता। इसके बावजूद उपभोक्ता इसे नल के पानी से अधिक सुरक्षित मानते हैं। यह धारणा स्वयं में सार्वजनिक जल संस्थानों की साख पर सवाल है। यदि राज्य द्वारा प्रमाणित और नियंत्रित जल आपूर्ति प्रणाली पर नागरिक भरोसा नहीं करते, तो यह लोकतांत्रिक शासन की विश्वसनीयता के लिए भी खतरे की घंटी है।

पर्यावरणीय दृष्टि से बोतलबंद पानी पर निर्भरता अत्यंत विनाशकारी है। प्लास्टिक की बोतलें कचरे के पहाड़ में बदल रही हैं। पुनर्चक्रण की दर बेहद कम है और अधिकांश प्लास्टिक अंततः नदियों, झीलों और समुद्रों में पहुंच जाता है। इसके अलावा, बोतलबंद पानी के उत्पादन में भी भारी मात्रा में जल और ऊर्जा की खपत होती है। यानी जिस संसाधन की कमी की बात की जा रही है, उसी का अत्यधिक दोहन करके एक कृत्रिम समाधान प्रस्तुत किया जा रहा है। यह विरोधाभास नीति निमार्ताओं की अल्पकालिक सोच को उजागर करता है। सार्वजनिक जल प्रशासन की समस्याएँ केवल तकनीकी नहीं हैं; वे संस्थागत और राजनीतिक भी हैं। जल प्रबंधन से जुड़े विभाग अक्सर संसाधनों की कमी, कुशल मानवबल के अभाव और आपसी समन्वय की समस्या से जूझते हैं। इसके अलावा, जल आपूर्ति जैसी बुनियादी सेवा को राजनीतिक प्राथमिकता भी अक्सर नहीं मिलती। चुनावी घोषणाओं में बड़े बांध, नदियों को जोड़ने की परियोजनाएं या स्मार्ट शहरों की बातें तो होती हैं, लेकिन रोजमर्रा की जल आपूर्ति को सुधारने पर अपेक्षाकृत कम ध्यान दिया जाता है। परिणामस्वरूप, छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण समस्याएं वर्षों तक अनसुलझी रहती हैं। निजीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति भी इस संकट को गहरा कर रही है। जब सार्वजनिक प्रणालियाँ कमजोर होती हैं, तो समाधान के रूप में निजी कंपनियों को आगे लाया जाता है।

हालांकि कुछ मामलों में इससे दक्षता बढ़ी है, लेकिन अक्सर इसका लाभ केवल उन लोगों को मिलता है जो भुगतान कर सकते हैं। पानी जैसे आवश्यक संसाधन का बाजार आधारित वितरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। बोतलबंद पानी इस निजीकरण का सबसे स्पष्ट उदाहरण है, जहां स्वच्छ पानी एक मौलिक अधिकार नहीं, बल्कि एक उपभोक्ता वस्तु बन जाता है। इस पूरी स्थिति का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि बोतलबंद पानी पर निर्भरता धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है। लोग इसे समस्या के लक्षण के बजाय समाधान के रूप में देखने लगे हैं। इससे सार्वजनिक दबाव कम होता है और प्रशासनिक सुधार की मांग कमजोर पड़ जाती है। जब नागरिक स्वयं वैकल्पिक व्यवस्था कर लेते हैं, तो राज्य पर जवाबदेही का दबाव घट जाता है। यह चुपचाप स्वीकार की गई असफलता भविष्य में और बड़े संकटों को जन्म दे सकती है।

आवश्यकता इस बात की है कि जल को फिर से सार्वजनिक भलाई के रूप में स्थापित किया जाए। इसके लिए सबसे पहले नल के पानी की गुणवत्ता और नियमितता सुनिश्चित करनी होगी। पारदर्शी जल परीक्षण, परिणामों की सार्वजनिक उपलब्धता और शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था नागरिकों का भरोसा बहाल कर सकती है। साथ ही, जल अवसंरचना में निवेश को प्राथमिकता देनी होगी—चाहे वह पाइपलाइन की मरम्मत हो, सीवेज प्रबंधन हो या जल शोधन संयंत्रों का आधुनिकीकरण। इसके साथ-साथ जन जागरूकता भी महत्वपूर्ण है। लोगों को यह समझना होगा कि बोतलबंद पानी दीर्घकालिक समाधान नहीं है। पर्यावरणीय और सामाजिक लागतों के बारे में जानकारी बढ़ाकर उपभोक्ता व्यवहार को बदला जा सकता है। स्कूलों, सामुदायिक संगठनों और स्थानीय निकायों की भूमिका इसमें अहम हो सकती है। अंततः, बोतलबंद पानी पर बढ़ती निर्भरता एक चेतावनी है। यह बताती है कि यदि सार्वजनिक जल प्रशासन को मजबूत नहीं किया गया, तो पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता भी गहरी असमानता और संकट का कारण बन सकती है।

# सपनों को हकीकत में बदलने की कुंजी है विज्ञान

**योगेश कुमार गोयल**

**मानव** जीवन को विज्ञान ने आज बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की विज्ञान के प्रति आज के समय में कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। दरअसल, इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान् वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी.वी. रमन की खोज ह्यरमन प्रभावह्न को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से रमन प्रभाव (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था।

उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला नोबेल पुरस्कार दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। रमन प्रभाव खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं।

## विचार

# फल, सब्जियों पर पेस्टिसाइड का अत्याधिक प्रयोग जन जीवन के लिए खतरे की घंटी

**दलबीर मलिक**

खाद्य पदार्थों पर पेस्टिसाइड का अत्याधिक प्रयोग जन जीवन के लिए खतरे की घंटी है ।खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों का अंधाधुंध छिड़काव जनजीवन के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे की घंटी है। कृषि उत्पादन बढ़ाने के नाम पर जहरीले रसायनों का उपयोग आम हो गया है, जिनके अवशेष सीधे तौर पर उपभोक्ताओं और किसानों को बीमार बना रहे हैं। पेस्टिसाइड (कीटनाशक) वे रासायनिक या जैविक पदार्थ हैं, जिनका उपयोग फसलों को कीटों, फफूंद और खरपतवार से बचाने के लिए किया जाता है। इन्हें स्प्रेयर (छिड़काव) के माध्यम से या मिट्टी में मिलाकर प्रयोग किया जाता है। ये पैदावार बढ़ाते हैं, लेकिन मानव स्वास्थ्य (कैंसर, तंत्रिका क्षति) और पर्यावरण को गंभीर हानि पहुँचाते हैं। फल-सब्जियों को अच्छी तरह धोकर और छीलकर इनके असर से बचा जा सकता है। पेस्टिसाइड युक्त फल सब्जियों को खाने से मनुष्य के शरीर में अनेका अनेक रोग पैदा हो जाते हैं।

लंबे समय तक कीटनाशक अवशेषों के सेवन से कैंसर (जैसे ल्यूकेमिया, लिम्फोमा) का खतरा बढ़ जाता है। रसायनों के संपर्क से नर्वस सिस्टम को गंभीर नुकसान पहुंचता है, जिससे याददाश्त कमजोर होना, बेचैनी और पार्किंसंस जैसी बीमारियां हो रही हैं। हार्मोनल असंतुलनः कीटनाशक एंडोक्राइन डिस्रप्टर के रूप में कार्य करते हैं, जो शरीर के प्राकृतिक हार्मोन को प्रभावित करते हैं। प्रजनन क्षमता पर असरः कीटनाशकों का सेवन प्रजनन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है और इनफर्टिलिटी की समस्या बढ़ाता है। बच्चों पर प्रभावः बच्चों के विकास में देरी और व्यवहार संबंधी समस्याएं भी कीटनाशक के संपर्क में आने से होती हैं ।पानी और मिट्टी का प्रदूषणः खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव न केवल फसल को, बल्कि आसपास के जल स्रोतों और मिट्टी को भी दूषित कर रहा है। इस खतरे को कम करने के लिए फलों और सब्जियों को खाने से पहले गुनगुने पानी और नमक के घोल से अच्छी तरह धोना चाहिए। इसके अलावा, कीटनाशकों के बजाय जैविक खेती को अपनाना ही भविष्य के लिए सुरक्षित विकल्प है ।ऑर्गेनिक फल-सब्जियां के सेवन से जन जीवन के स्वास्थ्य को बेहतरीन बनाया जा सकता है इसलिए ज्यादा से ज्यादा ऑर्गेनिक फल और सब्जियां उगानी चाहिए और उनका सेवन करना चाहिए। ऑर्गेनिक फल सब्जियों का बेहतरीन उत्पाद इस प्रकार से करना चाहिए जैसे प्राकृतिक खाद का प्रयोगः रासायनिक उर्वरकों के बजाय गोबर की खाद, वर्मीकम्पोस्ट (केंचुआ खाद), या हरी खाद का उपयोग करें। हानिकारक कीटनाशकों की जगह नीम का तेल, दशपर्णी अर्क, या प्राकृतिक शिकारी कीड़ों का उपयोग करें। फसल चक्रअपनाएं ताकि मिट्टी की उर्वरता बनी रहे।

जेनेटिकली मॉडिफाइड से बचावः पारंपरिक और देसी बीजों का उपयोग करें ।स्वच्छताः पानी के स्रोतों को रसायनों से मुक्त रखें। पारंपरिक और देसी बीजों का उपयोग करें। स्वच्छताः पानी के स्रोतों को रसायनों से मुक्त रखें। ऑर्गेनिक फल-सब्जियों के मुख्य लाभः उच्च पोषणः इनमें सामान्य सब्जियों की तुलना में 20-40% अधिक एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी मिल सकते हैं ।कैंसर और बीमारियों से बचावः हानिकारक रसायनों के सेवन से बचकर कैंसर, हृदय रोग और एलर्जी जैसी समस्याओं का जोखिम कम होता है। बेहतर स्वादः धीमी गति से प्राकृतिक रूप से पकने के कारण इनका स्वाद अधिक समृद्ध और मीठा होता है ।सुरक्षित और स्वस्थः बच्चों और परिवारों के स्वास्थ्य के लिए यह उत्तम हैं क्योंकि ये पूरी तरह से प्राकृतिक प्रक्रिया से आते हैं। पर्यावरण के लिए बेहतरः इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, प्रदूषण कम होता है और पानी के संसाधनों की रक्षा होती है। पेस्टिसाइड के सभी पहलुओं पर मंथन करने पर यही निष्कर्ष निकलता है कि पेस्टिसाइड का कम से कम प्रयोग किया जाए और ज्यादा-से-ज्यादा ऑर्गेनिक फल और सब्जियां उगाई जाए जिनके खाने से जनजीवन के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव कम पड़ेगा और जनजीवन बेहतर बनता चला जाएगा इसलिए समय की जरूरत है की ऑर्गेनिक फासलें, सब्जियां, फल इत्यादि की पैदावार को बढ़ावा देना चाहिए।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई–मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला– 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश–174303

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# रंगों से नहीं, परिवर्तन से खिलता है मन का वसंत

**कृति आरके जैन**

**अँधेरा** जितना भी गहरा हो, जब आग की लपटें उठती हैं, वह हर छिपी कड़वाहट और पुरानी पीड़ा को राख बना देती हैं। होलिका दहन केवल एक धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि यह जीवन का सबसे बड़ा संदेश है कि बुराई कितनी भी प्रबल क्यों न हो, वह अंततः समाप्त हो जाती है। राख से उठता है नया वसंत, जिसमें हर पत्ता हरा, हर फूल खिलता और हर सांस नई ऊर्जा से भर जाती है। होली हमें यह सिखाती है कि परिवर्तन कोई असंभव चमत्कार नहीं, बल्कि हर क्षण हमारी अपनी समझ और प्रयास से संभव है। जो आज दुख में डूबा है, वही कल प्रेम, आनंद और उमंग के रंग में सराबोर हो सकता है। होलिका की कथा केवल पुरानी कहानी नहीं, बल्कि मानव मन के भीतर छिपे द्वंद्व का प्रतीक है।

हिरण्यकश्यप का अहंकार और प्राद की निश्छल भक्ति हमें बताते हैं कि अच्छाई और बुराई दोनों हमारे भीतर मौजूद हैं। जब अहंकार की आग अपने आप को भस्म कर देती है, तब प्रेम और सत्य की शक्ति और प्रबल हो जाती है।

हमारी जिंदगी में भी कई हिरण्यकश्यप हैं – ईर्ष्या, क्रोध, भय, लालच – जो हमें मानसिक और भावनात्मक रूप से जलाने का प्रयास करते हैं। लेकिन जब हम प्राद की तरह सत्य और प्रेम पर अडिग रहते हैं, तो वही आग नकारात्मकता को समाप्त कर देती है। यही होली का सबसे बड़ा संदेश है – परिवर्तन हमेशा हमारे भीतर से शुरू होता है। रंग बरसाना केवल चेहरों तक सीमित नहीं होता; यह दिलों की दीवारों तक पहुँचता है।

पुराने मतभेद, वर्षों की शिकायतें, टूटे रिश्ते और कड़वाहटें सब रंगों में घुलकर मिट जाती हैं। होली का वसंत तभी आता है, जब हम पहले अपने भीतर की होलिका जला चुके होते हैं। जैसे सर्दियों के बाद बसंत की ताजगी आती है, वैसे ही मन के अँधेरों और पुराने गिले-शिकवे समाप्त होने पर प्रेम और भाईचारा खिलता है। परिवर्तन का अर्थ है पुरानी आदतों और नकारात्मक सोच को जलाना, और नए विचार और सकारात्मक ऊर्जा अंकुरित करने देना।

# एक नासमझ की अभद्र टिप्पणी से पूर्वोत्तर में उभरी पीड़ा

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**नई दिल्ली** के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन लड़कियों के साथ कथित नस्लीय टिप्पणी और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। एयर कंडीशनर लगाने को लेकर शुरू हुआ एक मामूली पड़ोसी विवाद देखते ही देखते गंभीर आरोपों में बदल गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है यह कोई पहली बार नहीं है कि पूर्वोत्तर भारत के लोगों के साथ उनकी शारीरिक बनावट व संस्कृति को लेकर कहीं शेष देश में अभद्रता की गई हो। यहां तक कि एक बार तो पूर्वोत्तर के एक मुख्यमंत्री प्रेस वार्ता में यह कहते रो पड़े थे कि उन्हें भारतीय तक नहीं समझा जाता है। बीते साल मई में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर को 'हमारे विविधता के राष्ट्र में सबसे विशिष्ट क्षेत्र' बताया था। लेकिन दुखद तथ्य यह है कि कुछ ताकतें इन टिप्पणी को तूल देकर बात का बतंगड़ बना कर पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के दिलों में विष वमन करने के लिए लगी रहती है । हालांकि कई बार इन राज्यों के लोग अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होते हैं लेकिन यह राज्य की कानून व्यवस्था से जुड़े मामले होते हैं जिन्हें नस्लीय भेदभाव से जोड़ कर अलगाव की फसल पैदा करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। कुछ समय पूर्व देहरादून में त्रिपुरा के छात्र अंजेल चकमा की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के दो महीने से भी कम समय बाद, अब दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं को उनके पड़ोसियों ने कुत्सित शब्द ' धंधेवाली' से संबोधित किया और मोमो बेचने को कहा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि उन्हें अपने ही देश में, और वह भी देश की राष्ट्रीय राजधानी में बेगाना करार दे दिया गया। विडंबना यह है कि यह अभद्रता किसी झगड़े या आवेश की प्रतिक्रिया नहीं थी बल्कि यह पहचान और जातीयता पर लक्षित हमला था। इस घटनाक्रम के बाद एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर धर्म, जाति व जन्मस्थान आदि के आधार पर कटुता फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा अन्य आरोप भी लगाए गए हैं। निस्संदेह, इस दंपति के आपत्तिजनक व्यवहार ने एक गहरे जख्म को ही उजागर किया है, जो 'सबका साथ, सबका विकास' की अवधारणा को सिरे से खारिज करने वाली सोच है।

# किसानों की समृद्धि और खुशहाली से ही विकसित भारत का सपना होगा साकार : मुख्यमंत्री साय

**किसानों की समृद्धि**

**10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि होली से पूर्व किसानों के खातों में अंतरित करने की घोषणा पर आभार जताया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अन्नदाता देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ है और किसानों की समृद्धि और खुशहाली से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री से आज शुक्रवार को उनके निवास कार्यालय में प्रदेश के किसानों ने सौजन्य मुलाकात की और कृषक उन्नति योजना के माध्यम से धान के अंतर की 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि होली से पूर्व किसानों के खातों में अंतरित करने की घोषणा पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किसानों ने मुख्यमंत्री को धान से तौलकर प्रदेश के अन्नदाताओं की ओर से अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदैव किसानों की चिंता करते हैं और उनकी आय बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और किसानों की उन्नति ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि अटल जी के समय किसानों को सशक्त बनाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था लागू की गई, जिससे किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध होने लगा। इससे पहले किसानों को महाजनों से ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता था, जिससे वे आर्थिक शोषण का शिकार होते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसानों को ब्याज मुक्त पूंजी की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंच रहा है और प्रदेश में सिंचाई का रकबा लगातार बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है, जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि धान के अंतर की लगभग 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि होली से पूर्व किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी।

28 फरवरी को बिलासपुर जिले से इस राशि का अंतरण किया जाएगा और पूरे प्रदेश के विकासखंडों में इसे उत्सव की तरह मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष 25 लाख 24 हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार आगे भी किसानों के हित में प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

## मुख्यमंत्री साय ने की फिल्म 'शतक' को छत्तीसगढ़ में टैक्स-फ्री करने की घोषणा



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार की देर रात राजधानी रायपुर स्थित जोरा मॉल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित फिल्म शतक देखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय के साथ मंत्रिमंडल के सदस्य तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने फिल्म के प्रदर्शन के बाद कहा कि शतक केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, जनसेवा और समर्पण की सतत साधना का सजीव चित्रण है। उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरक गाथा जन-जन तक पहुँचे और नई पीढ़ी को राष्ट्र सेवा की भावना से प्रेरणा मिले, इस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में इस फिल्म को टैक्स-फ्री करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी के तप, त्याग और दूरदर्शी विचारों से प्रारंभ हुई इस यात्रा को पूजनीय माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जी ने नई दिशा और संगठनात्मक शक्ति प्रदान की। एक शताब्दी का यह इतिहास लाखों स्वयंसेवकों के अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शिक्षा, सेवा और सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का कार्य किया है। आपदा, संकट और सामाजिक आवश्यकताओं के समय संघ कार्यकर्ताओं की सेवा भावना ने समाज को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# देश ने मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व प्रगति की है : गजेन्द्र सिंह



**स्वदेशी**

**वायुसेना का प्रदर्शन देश की उच्चतम सैन्य क्षमता का परिचायक होगा: केंद्रीय मंत्री**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि एक ओर भारत की सामरिक शक्ति में जबरदस्त इजाफा हुआ है, तो दूसरी ओर रक्षा साजो-सामान के स्वदेशी निर्माण की क्षमता भी तेजी से बढ़ी है। केंद्रीय मंत्री शुक्रवार को दिल्ली से जोधपुर पहुंचे और अपने निवास स्थान पर गणमान्य लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब भारत रक्षा क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े आयातकों में गिना जाता था, लेकिन अब देश निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि तेजस लड़ाकू विमान से लेकर मिसाइल और बुलेटप्रूफ जैकेट तक, आज सब कुछ भारत में ही निर्मित हो रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति की मौजूदगी में होने वाला वायुसेना का प्रदर्शन देश की उच्चतम सैन्य क्षमता का परिचायक होगा। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होने से वहां रहने वाले लोगों का भारत की ताकत और क्षमता पर भरोसा और मजबूत होगा। आतंकवाद के मुद्दे पर शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और यह नीति वैश्विक स्तर पर लागू होती है। उन्होंने कहा कि आज वे देश भी आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपना रहे हैं, जो पहले इसे बढ़ावा देते रहे हैं। शेखावत ने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर भी कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में पश्चिम बंगाल में टीएमसी का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

# जर्मनी प्रवास से लौटे उप मुख्यमंत्री मौर्य ने प्रदेश में निवेश बढ़ाने का संकल्प दोहराया



**औद्योगिक**

**औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जर्मनी के सफल एवं उद्देश्यपूर्ण प्रवास के उपरांत आज भारत लौट आए। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर समर्थकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री के लखनऊ के कार्यालय से दी जानकारी के अनुसार जर्मनी प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग जगत के अग्रणी लीडर्स, निवेशकों एवं औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ सार्थक एवं परिणामोन्मुखी संवाद किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की उद्योग अनुकूल नीतियों, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, बेहतर बुनियादी ढांचे, विकसित हो रहे एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी तथा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश आज देश का सर्वाधिक संभावनाओं वाला राज्य है, जहां विनिर्माण, अवसंरचना, एमएसएमई , कृषि आधारित उद्योग, रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स एवं नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। प्रदेश सरकार निवेशकों को ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेसह्न के अंतर्गत त्वरित अनुमतियां, भूमि उपलब्धता, नीतिगत प्रोत्साहन एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जर्मनी के उद्योग प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर सकारात्मक रुचि व्यक्त की है। यह प्रवास प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि यह यात्रा प्रदेश के औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मोदी की अजमेर सभा को लेकर पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शनिवार को अजमेर की कायड़ विश्रामस्थली पर प्रस्तावित जनसभा को लेकर राजस्थान पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। राजस्थान पुलिस ने 28 फरवरी को संभावित यातायात दबाव को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर आमजन और वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है। 28 फरवरी को प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक किशनगढ़-गेगल-कायड़-ब्यावर तथा किशनगढ़-गेगल-कायड़-अजमेर मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना है। एडीजी कानून एवं व्यवस्था वीके सिंह ने बताया कि इस समयावधि में ट्रैफिक कंजेशन की स्थिति बन सकती है।

# सिलिकोसिस को लेकर गहलोत ने साधा सरकार पर निशाना

**स्थापना दिवस**

**सिलिकोसिस एक लाइलाज और घातक बीमारी है, जिससे गरीब खदान और निर्माण मजदूर प्रभावित हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजस्थान में सिलिकोसिस जैसी जानलेवा बीमारी को लेकर सियासत गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर राज्य की वर्तमान सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सिलिकोसिस एक लाइलाज और घातक बीमारी है, जिससे प्रदेश के हजारों गरीब खदान और निर्माण मजदूर प्रभावित हैं, लेकिन सरकार उनकी सुध नहीं ले रही। गहलोत ने अपने कार्यकाल के दौरान उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए लिखा कि वर्ष 2013 में उनकी सरकार ने सिलिकोसिस पीड़ितों के लिए चार लाख रुपये की सहायता राशि की शुरूआत की थी। इसके बाद 2019 में देश की पहली सिलिकोसिस पॉलिसी लागू की गई। उन्होंने बताया कि इस नीति के तहत पांच लाख रुपये की सहायता का प्रावधान किया गया था, जिसमें तीन लाख रुपये बीमारी के दौरान और दो लाख रुपये मृत्यु की स्थिति में दिए जाते हैं। साथ ही निशुल्क इलाज और 1500 रुपये मासिक पेंशन की व्यवस्था भी की गई थी। गहलोत के अनुसार, वर्ष 2019 से 2023 के बीच करीब 35 हजार मरीजों को 911 करोड़ रुपये से अधिक की प्रत्यक्ष सहायता दी गई। पूर्व मुख्यमंत्री ने वर्तमान भाजपा सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि आज सिलिकोसिस पीड़ितों के नए कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। कई कार्ड बिना कारण ब्लॉक कर दिए गए हैं, जिससे मजदूरों को सहायता राशि नहीं मिल पा रही और वे आर्थिक संकट में हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों को भी पॉलिसी का लाभ नहीं मिल रहा है।

# राजस्थान निवेश के लिए पूरी तरह तैयार : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**इकोसिस्टम**

**प्रौद्योगिकी, डिजिटल गवर्नेंस और स्टार्टअप इकोसिस्टम के क्षेत्र में तेजी से अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान प्रौद्योगिकी, डिजिटल गवर्नेंस और स्टार्टअप इकोसिस्टम के क्षेत्र में तेजी से अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है। सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और नीतियों व प्रक्रियाओं को सरल बनाकर निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे राजस्थान में निवेश कर राज्य के विकास में सक्रिय भागीदार बनें और आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहयोग दें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को जयपुर के एक निजी होटल में आयोजित ह्यराजस्थान सी-साइड स्टार्टअप समिट-2026ह्न को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह समिट नवाचार, निवेश और वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। समिट का आयोजन आर्मेनिया गणराज्य और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत इनोवेशन और उद्यमशीलता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ह्यभारत के लिए नवाचार करें और भारत से नवाचार करेंह्न की भावना के अनुरूप राज्य सरकार भी तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हुए थे, जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई, डीपटेक, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस जैसे क्षेत्रों में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है।

पिछले दो वर्षों में आई-स्टार्ट कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में 3,450 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि एनिमेशन, गेमिंग, एक्सटेंडेड रियलिटी और कॉमिक्स जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बजट 2026-27 में स्टार्टअप हब्स को टिंकरिंग लैब, डीप-टेक लैब्स और एआई लैब्स से सुसज्जित करने के लिए प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी-2026 और राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी-2026 को कैबिनेट से अनुमोदन मिल चुका है। साथ ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 के तहत पात्र उद्यमों को प्रीमियम में 75 प्रतिशत छूट दी जा रही है।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन संग विवाह समारोह में हुए शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को अपनी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट स्थित बोहरा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक प्रदीप यादव के सुपुत्र डॉ. ऋत्विज के विवाह उपलक्ष्य में आयोजित वर-वधू स्वागत समारोह में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नवविवाहित दंपति को सुखद, सफल और खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने दोनों को आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर नवदंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में विधायक प्रदीप यादव, उनके परिजन, रिश्तेदार एवं बड़ी संख्या , जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों में शुभचिंतक उपस्थित रहे। कार्यक्रम पारंपरिक और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# मप्र में अवैध कॉलोनी बनाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, तीन माह में लागू होगा कड़ा कानून: विजयवर्गीय



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के 10वें दिन शुक्रवार को नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सदन में अवैध कॉलोनियों के मुद्दे पर सख्त कार्रवाई का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाने के लिए तीन माह में कड़ा कानून लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य अवैध कॉलोनियों के निर्माण को रोकना है। मध्य प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को सीधी से भाजपा विधायक रीति पाठक ने अवैध कालोनियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सीधी नगरपालिका क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों में बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के कई अवैध कॉलोनियों का निर्माण हो रहा है। सरकार इन पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठा रही है? इसके जवाब में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जो अवैध कॉलोनियां वैध की जा सकती हैं, उन्हें वैध करने पर विचार किया जा रहा है और जो कॉलोनियां वैध नहीं हो सकतीं, उनके संबंध में भी सरकार स्तर पर विचार किया जा रहा है और आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियां बनाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी। कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के संरक्षण में अवैध कॉलोनियां और बिल्डर लगातार अवैध कॉलोनियों का विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे अवैध निर्माण को बढ़ावा मिल रहा है। इसे लेकर सीधी विधायक रीति पाठक ने भी सदन में सवाल किया। इसके जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाने के लिए तीन महीने के भीतर कड़ा कानून लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य अवैध कॉलोनियों के निर्माण को रोकना है। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनियां बनाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक रीति पाठक के शहर के विकास कार्यों में हो रही देरी को लेकर पूछे सवाल के जवाब में मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि सरकार ने सीधी के पुराने बस स्टैंड को गिराकर नया शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए लगभग 7 करोड़ रुपये की राशि पहले ही स्वीकृत कर दी थी। निविदा प्रक्रिया में समय लगने के कारण अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, लेकिन इसे जल्द ही शुरू करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण का काम अगले कुछ महीनों में प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन निर्माण परियोजना सीधी नगरपालिका क्षेत्र के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है। सीवर लाइन निर्माण परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति जल्द ही जारी कर दी जाएगी। विजयवर्गीय ने बताया कि यह परियोजना शहरवासियों के लिए जीवन स्तर सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विधायक रीति पाठक ने मंत्री के इस एलान का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न केवल शहर का विकास होगा, बल्कि अवैध कॉलोनियों की समस्या पर भी सख्त कदम उठाए जाने से नागरिकों को राहत मिलेगी।

प्रश्नकाल में सागर की पाइप लाइन का मुद्दा उठाविधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सागर से भाजपा विधायक शैलेंद्र जैन ने पाइप लाइन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन की स्थिति खराब होने से सागर में इंदौर जैसी घटना हो सकती है। उन्होंने बताया कि 395 किलोमीटर पाइप लाइन में से 46 किलोमीटर पुरानी और जर्जर पाइप लाइन डाली गई है। उन्होंने मांग की कि जर्जर पाइप लाइन को जल्द बदला जाए। इसके जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जवाब में कहा कि पहले 260 किलोमीटर पाइप लाइन का प्रस्ताव था, लेकिन 395 किलोमीटर पाइप लाइन डाली गई। जहां जरूरत होगी, वहां नई पाइप लाइन डाली जाएगी। उन्होंने नगर निगम को सशक्त बनाया जाए। सांसद और विधायक निधि का उपयोग भी पाइप लाइन सुधार के लिए किया जा सकता है। विभाग आधी राशि देने के लिए तैयार है।

सदन में यह भी बताया गया कि पाइप लाइन डालने के दौरान सड़कों को खोदा गया, लेकिन टाटा कंपनी द्वारा सड़कों का सही तरीके से पुनर्निर्माण नहीं किया गया। विजयवर्गीय ने कहा कि कई जगह पानी और सीवर की लाइन साथ में डाली गई हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि आगे से पानी और सीवर की लाइन अलग-अलग डाली जाएं। बड़वानी में सीवेज काम से सड़कें खराब, सदन में मुद्दा उठाबड़वानी विधायक राजन मंडलोई ने विधानसभा में कहा कि शहर में सीवेज लाइन डालने के कारण सड़कों को खराब कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीसी रोड की मशीन से कटिंग करने के बजाय जेसीबी से खुदाई की गई, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं।



facebook.com/actionindialive twitter.com/actionindianews youtube.com/actionindiatv

हिमाचल न्यूज
एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com

ऊना,
28 फरवरी 2026



# राज्यपाल ने एचपीएनएलयू में कर सुधारों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ किया

**पारदर्शी**

» कर प्रणाली में व्यापक सुधार से कर ढांचा अधिक सरल, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बना



**पंकज शर्मा**

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'भारत में कर सुधार: चुनौतियां और संभावनाएं' विषय पर आयोजित सम्मेलन का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात विशेषकर उदारीकरण के बाद भारत की कर प्रणाली में व्यापक सुधार किए गए है जिससे कर ढांचा अधिक सरल, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बना है। हाल ही के वर्षों में प्रशासन के डिजिटलीकरण, फेसलेस असेसमेंट, ऑनलाइन अपील, सरल रिटर्न प्रक्रिया तथा कर दाता चार्टर जैसी पहलों से पारदर्शिता बढ़ी है और कर दाताओं का विश्वास सुदृढ़ हुआ है। 'विवाद से विश्वास' जैसी योजनाएं संग्रह के प्रति सहभागितापूर्ण दृष्टिकोण को दर्शाती है।

राज्यपाल ने कहा कि उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद कर आधार का विस्तार, कर चोरी पर नियंत्रण, डिजिटल अर्थव्यवस्था से उत्पन्न जटिलताओं का समाधान तथा वैश्विक कर प्रतिस्पर्धा के बीच संतुलन बनाए रखना जैसी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं।

उन्होंने बल देते हुए कहा कि कर सुधार केवल विधिक विषय नहीं है बल्कि यह अर्थशास्त्र, लोक वित्त, प्रशासन और नीति-निर्माण से गहराई से जुड़ा हुआ है।

राज्यपाल ने आचार्य चाणक्य के अर्थशास्त्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कर व्यवस्था न्यायसंगत, संतुलित एवं लोक-कल्याणकारी होनी चाहिए ताकि नागरिकों पर अनावश्यक बोझ न बने बल्कि उत्पादन और समृद्धि को प्रोत्साहित करे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रीति सक्सेना ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा सम्मेलन की मुख्य विषय वस्तु पर प्रकाश डाला।

## जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिये मास्टर ट्रेनर तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण-मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के लिए डॉ. मनमोहन सिंह, हिमाचल लोक प्रशासन संस्थान शिमला में चार दिवसीय राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में प्रदेश सरकार के 20 मास्टर ट्रेनर तथा जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश के 6 मास्टर ट्रेनर सम्मिलित हुए। यह प्रशिक्षण निदेशालय के नेशनल ट्रेनर पंकज कुमार सिन्हा और संयुक्त निदेशक आशीष चौहान द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना के विभिन्न पहलुओं के साथ इसके कानूनी प्रावधानों से भी अवगत करवाया गया। जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

## हमीरपुर मेडिकल कॉलेज पर खर्च होंगे 1000 करोड़ रुपये: सीएम

**तामीर**

» स्टेट ऑफ आर्ट कैंसर अस्पताल और नर्सिंग कॉलेज का होगा निर्माण



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और प्रस्तावित अत्याधुनिक कैंसर केयर सेंटर की साइट भी देखी।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में स्टेट ऑफ आर्ट कैंसर अस्पताल के साथ-साथ नर्सिंग कॉलेज और डेंटल कॉलेज का निर्माण भी किया जाएगा। इस परियोजना पर लगभग एक हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण से लोगों को उनके घर-द्वार के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के साथ-साथ अन्य अस्पतालों में भी स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि एम्स दिल्ली की तर्ज पर राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों में पुरानी मशीनरी और उपकरणों को बदलकर विश्वस्तरीय मशीनरी और सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों के बाद हिमाचल प्रदेश में सबसे अधिक कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं तथा हमीरपुर में कैंसर अस्पताल की स्थापना से प्रदेश के लोगों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण कैंसर देखभाल सुनिश्चित होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर कैंसर अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए 11 नए विशेषज्ञ विभाग स्थापित किए जा रहे हैं, जिन्हें हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। कैंसर केयर सेंटर में मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, पेन पैलिएशन, न्यूक्लियर मेडिसिन, एनेस्थीसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर, पैथोलॉजी, पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी, रेडियोलॉजी इमेजिंग, गायनी ऑन्कोलॉजी, स्टेम सेल और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन तथा रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग स्थापित किए जाएंगे।

## नए मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट करने से पहले देंगे सभी आधुनिक मशीनें : मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर जिला के नादौन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर के डॉक्टरों के साथ संवाद किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज आप सभी की बात सुनने आया हूं ताकि स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया जा सके। उन्होंने कहा कि वे चिकित्सकों के साथ इसी तरह से संवाद पहले आईजीएमसी शिमला और टांडा मेडिकल कॉलेज में भी कर चुके हैं, ताकि चिकित्सकों के सुझावों को नीति में शामिल किया जा सके और मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया जा सके। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज सिर्फ रैफरल स्वास्थ्य संस्थान बने हैं लेकिन इनमें सुधार करके प्रदेश में ही लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मेडिकल सुविधाओं में सुधार के लिए हाई-एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी ला रही है। उन्होंने कहा कि समय बदल रहा है और हमें जमाने के साथ चलना होगा। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ रुपये की लागत से हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के लिए ऑटोमेटेड लैब भी स्वीकृत की गई है। राज्य सरकार डायग्नोस्टिक सेवाओं को मजबूत कर रही है। भविष्य में हमीरपुर कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक और डेंटल कॉलेज भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में जल्द ही रोबोटिक सर्जरी की सुविधा भी शुरू की जाएगी। मेडिकल कॉलेज को नए भवन में शिफ्ट करने से पहले सभी आधुनिक मशीनें वहां उपलब्ध करवा दी जाएंगी।

## टैक्सी परमिट अवधि बढ़ाने पर टैक्सी यूनियन खुश

**राजन पुरी**

**ऊना।** कुटलैहड़ टैक्सी यूनियन के प्रधान दिलबाग सिंह राणा ने टैक्सी परमिट की अवधि 12 वर्ष से बढ़ाकर 15 वर्ष करवाने पर खुशी जाहिर की है। यूनियन ने राज्य के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किय। उनके साथ स्टेट अध्यक्ष राम रतन शर्मा भी मौजूद थे।

दिलबाग सिंह राणा ने कहा कि परमिट अवधि बढ़ाने का निर्णय प्रदेश भर के टैक्सी ऑपरेटरों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। इससे सैकड़ों परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। उन्होंने बताया कि टैक्सी ऑपरेटर लंबे समय से परमिट अवधि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। बढ़ती महंगाई, वाहनों की ऊंची कीमतें, बीमा और रखरखाव पर बढ़ते खर्च के कारण 12 वर्ष की अवधि ऑपरेटरों के लिए पर्याप्त नहीं थी।

## चुराह में वन रक्षक दल पर हमला इंसाफ की गुहार

**हामिद खान**

**चंबा।** मामला है चम्बा के चुराह वनमंडल का, जहाँ खैरना बीट में उस समय सनसनी फैल गई जब दिन दिहाड़ी हमलावरों ने वन मित्र पर हमला कर दिया। इस हमले में डंडों से वन मित्र ओमप्रकाश की पिटाई की गई तथा पसलियों पर प्रहार गया उसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार यह वन मित्र अपनी ड्यूटी दे रहा था तथा वनों की रक्षा कर रहा था इस बीच आयल की ओर से एक पिकअप आई तथा ओम प्रकाश से गाली गलौज करने लगी।

इस बीच गाड़ी का चालक गाड़ी से उतरा तथा आपे से बाहर हो गया तथा बाकी साथियों सहित उसने वन मित्र पर हमला कर दिया जिसके चलते वन मित्र के हाथ तथा शरीर पर प्रहार किया, इस बीच एक अन्य वनरक्षक सतीश ने उसे आकर



बचाया वरना उसका जीवन खतरे में पड़ जाता।

इसके बाद इन्होंने पुलिस थाना तीसा जाकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई जहां वन मित्र का मेडिकल चेकअप कराया गया। पुलिस द्वारा प्रभावित व्यक्ति की शिकायत दर्ज कर ली है तथा मामले की बात जांच जारी है।

उधर इस संदर्भ में एसपी चंबा विजय कुमार सकलानी ने कहा है कि आरोपियों को किसी भी हालत में बक्शा नहीं जाएगा, आरोपियों पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### फतेहपुर में पीएमकेएसवाई 2.0 का लाभ: महिलाओं को सिलाई मशीनें, किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण



**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा पीएमकेएसवाई 2.0 के अंतर्गत अंबेडकर भवन फतेहपुर में महिला सशक्तिकरण एवं कृषि यंत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में करीब 120 महिलाओं और किसानों को सिलाई मशीनें तथा पावर टिलर व पत्तल-डोना मशीन जैसे कृषि उपकरण वितरित किए गए। समारोह में राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) एवं फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जाए।

सिलाई मशीन प्राप्त करने वाली महिलाओं ने इसे अपने जीवन की नई शुरुआत बताया। उनका कहना था कि अब वे घर बैठे अपने हुनर के बल पर आय अर्जित कर सकेंगी और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में भागीदार बनेंगी।

### ब्रेस्ट कैंसर के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करें, समय पर जांच है बेहद जरूरी

**राजन पुरी**

**ऊना।** फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली के ऑन्कोलॉजी विभाग ने अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक की मदद से जटिल कैंसर मामलों का सफल इलाज कर नई उम्मीद जगाई है। कंसल्टेंट एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट कैंसर सर्जन डॉ. दीप्ति सिंह ने दा विंची एक्सआई रोबोटिक सिस्टम की सहायता से 70 वर्षीय महिला का सफल ऑपरेशन किया, जो स्टेज-2 ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित थीं।

मरीज के बाएं स्तन में गांठ और जांच में कैंसर की पुष्टि होने के बाद कीमोथेरेपी दी गई। इसके पश्चात एक ओर मास्टेक्टॉमी और दूसरी ओर ब्रेस्ट कंज़र्वेशन सर्जरी की गई। ऑपरेशन के बाद मरीज की रिकवरी बेहतर रही और उन्हें अगले ही दिन छुट्टी दे दी गई। इसी प्रकार, एक 25 वर्षीय महिला में निप्पल से रक्तस्राव की शिकायत पर जांच की गई। शुरुआती रिपोर्ट में कैंसर की आशंका जताई गई, लेकिन बायोप्सी में घाव कैंसररहित पाया गया। सर्जरी के माध्यम से प्रभावित टिशू हटाकर निप्पल को सुरक्षित रखा गया। एक अन्य मामले में 33 वर्षीय मरीज की एड्रिनल ग्रंथि में ट्यूमर का रोबोट-ऐडेड ऑपरेशन किया गया, जिससे उ%च रक्तचाप की समस्या से राहत मिली। डॉ. दीप्ति सिंह ने कहा कि महिलाओं को स्तन या बगल में गांठ, त्वचा में बदलाव, निप्पल से स्राव या दर्द जैसे लक्षणों को गंभीरता से लेना चाहिए।

## विभागीय परीक्षाओं की तिथियों में आंशिक संशोधन



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल लोक प्रशासन संस्थान शिमला के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सहित अन्य राजपत्रित एवं पात्र अराजपत्रित अधिकारियों की विभागीय परीक्षाओं की तिथियों में प्रशासनिक कारणों से आंशिक संशोधन किया गया है।

उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के स्थान पर अब ये परीक्षाएं 28 अप्रैल, 2026 से 07 मई, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं का आयोजन संशोधित समय-सारणी के अनुसार राजकीय महाविद्यालय संजौली, शिमला में किया जाएगा।

प्रवक्ता ने बताया कि केवल पेपर संख्या-1 (वित्तीय प्रशासन) के लिए अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंडी तथा धर्मशाला केंद्रों पर भी परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की संशोधित समय-सारणी हिप्पा की वेबसाइट www.hipashimla.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड कर सकते हैं।

## तानाशाही रवैया अपना रही केंद्र की मोदी सरकार : देसराज



**राजन पुरी**

**ऊना।** दिल्ली में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हुई दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को लेकर जिला कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष देसराज गौतम शुक्रवार को विश्राम गृह ऊना में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने वाले युवाओं को प्रताड़ित कर रही है।

गौतम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आने वाले हर पर्यटक की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मौजूदा प्रदेश सरकार ने इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाई है और दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को रोकने के लिए जो प्रयास किए गए, वे सराहनीय हैं। उन्होंने एआई इंपैक्ट समिट के दौरान युवा कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि लोकतंत्र में किसी भी नागरिक या संगठन को नीतियों के विरोध में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार की अमेरिका के साथ हो रही कथित डील का विरोध करती है और इसी क्रम में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध दर्ज करवाया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के दबाव में दिल्ली पुलिस ने युवाओं के साथ कठोर व्यवहार किया और उन्हें अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं है और इससे गलत संदेश जाता है। देशराज गौतम ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में भी विरोध-प्रदर्शन हुए, लेकिन कभी भी प्रदर्शनकारियों को देशविरोधी करार नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि आज असहमति जताने वालों को देशद्रोही बताने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। अंत में उन्होंने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन अधिकारियों को अपने संवैधानिक दायरे में रहकर निष्पक्ष रूप से कार्य करना चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश पराशर, रविंद्र सहोड़, डा. रविंद्र, सुरिंदर कंवर, तिलक राज, शोभित गौतम व अनिल गौतम सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कन्या कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर बच्चों को किया जागरूक

**राजन पुरी**

**ऊना।** राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस ऊना के हेड कांस्टेबल चंदर शेखर द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने तथा ट्रैफिक संकेतों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। युवाओं को नियमों का पालन कर समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। इस मौके पर ट्रैफिक विभाग से एलएचसी अमर ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रवेश शुल्क बढ़ोतरी से निजी परिवहन क्षेत्र पर संकट: राजेश पराशर



**राजन पुरी**

**ऊना।** प्राइवेट बस ऑपरेटर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पराशर ने प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में बढ़ाए गए प्रवेश शुल्क (एंट्री फीस) को लेकर कड़ा एतराज जताया है। शुक्रवार को ऊना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह निर्णय निजी परिवहन क्षेत्र के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आर्थिक रूप से नुकसानदायक साबित होगा।

राजेश पराशर ने कहा कि प्रदेश में कई ऐसे बस रूट संचालित हैं, जहां बसों को एक जिले से दूसरे जिले में जाने के दौरान कुछ दूरी के लिए पंजाब की सीमा से होकर गुजरना पड़ता है और उसके बाद पुन: हिमाचल प्रदेश में प्रवेश करना होता है। ऐसे मामलों में भी बस संचालकों से हर बार प्रवेश शुल्क के नाम पर भारी-भरकम राशि वसूली जा रही है, जो पूरी तरह से अव्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था न तो परिवहन व्यवसाय की वास्तविक परिस्थितियों को समझती है और न ही जमीनी हकीकत को ध्यान में रखती है। उन्होंने बताया कि पहले से ही निजी बस ऑपरेटर्स डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों, स्पेयर पाट्र्स के महंगे होने, बीमा प्रीमियम में वृद्धि और विभिन्न प्रकार के करों के दबाव से जूझ रहे हैं।

## दो दिवसीय पुरुष नसबंदी शिविर का समापन

**हामिद खान**

**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुरुष नसबंदी शिविर का समापन हो गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ जालम भारद्वाज ने बताया कि यह दो दिवसीय कैम्प 23 फरवरी और 24 फरवरी 2026 को पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में आयोजित किया गया था। इस दो दिवसीय शिविर मे एन एस वी के 37 सफल आपरेशन किये गए।

उन्होंने बताया कि अब तक ज़िला चम्बा मे तीन पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजित किये गए है जिसमें कुल 168 सफल ऑपरेशन किए गए हैं उन्होंने बताया कि इस कैंप में डॉ नवदीप राठौर, डॉ नरेंद्र कुमार डॉ दिपेश बराल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## जिला स्तरीय फाग मेले के सफल आयोजन हेतु प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा



**लिहान्टू**

**रामपुर बुशहर।** जिला स्तरीय फाग मेले के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित बनाने के उद्देश्य से आज नगर परिषद कार्यालय रामपुर में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रामपुर हर्ष अमरेन्द्र सिंह ने की।

बैठक में पुलिस विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत विभाग, नगर परिषद, देव समाज, व्यापार मंडल, लोक संपर्क विभाग तथा अग्निशमन विभाग के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में जानकारी दी गई कि जिला स्तरीय फाग मेला 05 मार्च से 08 मार्च 2026 तक ऐतिहासिक राज दरबार रामपुर में आयोजित किया जाएगा। मेले का शुभारम्भ 05 मार्च को प्रात: 11 बजे देवी-देवताओं के आगमन के साथ होगा तथा समापन 08 मार्च को उनकी विदाई के साथ किया जाएगा।

उपमंडलाधिकारी (नागरिक) ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान कानून व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा अग्नि सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित किए जाएं, ताकि स्थानीय लोगों एवं बाहरी क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मेले को सफल बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने जानकारी दी कि फाग मेले में दुकानें लगाने हेतु प्लॉट आबंटन 02 मार्च 2026 को किया जाएगा। मेले के दौरान विभिन्न देवी-देवताओं के साथ आए देवालुओं द्वारा चारों दिन पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों पर लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। उत्कृष्ट पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करने वाले देवालुओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## ऑल इंडिया टॉपर नंदनी का हुआ भव्य स्वागत



**राजन पुरी**

**ऊना।** हरोली विस क्षेत्र के पंजावर गांव की बेटी नंदनी ठाकुर ने यूपीएससी की कंबाइनड जियो साइंसटिस्ट परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त करके हिमाचल प्रदेश और जिला ऊना का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को ऊना पहुंचने पर नंदनी ठाकुर का हिमाचल पथ परिवहन निगम के डायरेक्टर रणजीत सिंह राणा एवं ग्राम पंचायत की महिला प्रधान नीलम मनकोटिया के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने फूल मलाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। यूपीएससी कंबाइनड जियो साइंसटिस्ट की 2025 सेशन की परीक्षा में नंदनी ठाकुर ने आल इंडिया में सर्वाधिक 727 अंको के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर जिससे हरोली क्षेत्र सहित जिलाभर में खुशी की लहर है। नंदनी के माता रजनी ठाकुर और पिता संजय ठाकुर एक परिश्रमी किसान परिवार से हैं। नंदनी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, माता पिता, सभी शिक्षक वर्ग और अन्य मार्गदर्शकों को दिया है।